हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 245, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 26 फरवरी, 2023 दिन रविवार | गाजीपुर/वाराणसी

हम माफियाओं के खिलाफ हैं उन्हें मिट्टी में मिला देंगे : योगी

विधानसभा में विपक्ष पर गरजे सीएम, अखिलेश ने भाषा पर जताई नाराजगी

लखनऊ। यूपी में विधानमंडल सत्र जारी है। शनिवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह की हत्या का मामला उठाया और कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में कहा कि हम माफियाओं के खिलाफ हैं, उन्हें मिट्टी में मिला देंगे। उन्होंने कहा कि सपा ने ही अतीक अहमद को प्रश्रय दिया है। हम किसी भी माफिया को नहीं छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा माफियाओं की पोषक है।

राजूपाल हत्याकांड में अतीक अहमद दोषी है उसे सपा ने विधायक बनाकर प्रश्रय दिया। अखिलेश यादव की तरफ इशारा करते हुए योगी ने कहा कि आप खुद माफियाओं का पोषण कर रहे हैं। इस पर अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी की भाषा पर सवाल उठाए। इस पर सदन में कुछ देर के लिए हंगामा हो गया। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के दखल के बाद सदन की कार्यवाही फिर से चलने लगी। मुख्यमंत्री विधानसभा में राज्यसभा के अभिभाषण पर सदन को संबोधित करने वाले थे पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह की गोली मारकर हत्या का मुद्दा उठाया। इस पर मुख्यमंत्री योगी ने नाराजगी भरे लहजे में सपा को माफियाओं की पोषक करार देते हुए प्रदेश को विकास के रास्ते पर अग्रसर बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोई भी माफिया नहीं बचेगा। हम किसी भी माफिया को नहीं बख्शेंगे। शुक्रवार को बसपा विधायक राजूपाल हत्याकांड के मुख्य गवाह और वकील उमेश पाल की स्वचालित हथियारों से गोली मारकर हत्या कर दी। हमले में उमेश की सुरक्षा में तैनात गनर संदीप निषाद की भी मौत हो गई। प्रयागराज पश्चिम के विधायक रहे राजू पाल की 25 जनवरी, 2005 को हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद व उसके छोटे भाई पूर्व विधायक अशरफ पर केस चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव द्वारा भाजपा की पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी पर सवाल उठाने पर कहा कि पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी का सबसे बड़ा प्रमाण जनता का आदेश है। जनता ने भाजपा के पक्ष में लगातार लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 के साथ ही यूपी विधानसभा चुनाव 2017 और 2022 में जनादेश दिया है। यह पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी का सबसे बड़ा प्रमाण है।

रामचरितमानस विवाद पर दिया जवाब- मुख्यमंत्री योगी ने अपने भाषण में रामचरितमानस विवाद पर भी जवाब दिया और कहा कि इस ग्रंथ ने सदियों से हिंदू समाज को एकजुट रखा है। आज उसका अपमान हो रहा है। अगर यही बातें किसी अन्य धर्मग्रंथ के बारे में कही गई होतीं तो न जाने क्या हो जाता। उन्होंने कहा कि ताड़ना का क्या होता है... अवधी में कई बार कहा जाता है कि इतने देर से केहका ताड़ता हो... क्या ताड़ने का अर्थ मारने से है...। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को गर्व होना चाहिए कि रामचरितमानस यूपी की धरती पर रचा गया है लेकिन हिंदुओं का अपमान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने अखिलेश पर तंज कसते हुए कहा कि विरासत में सत्ता तो मिल सकती है लेकिन बुद्धि नहीं मिल सकती है।

यूपी में काबा... पर योगी ने दिया जवाब- मुख्यमंत्री योगी ने सरकार की उपलब्धियों का वर्णन किया और कहा कि अब भी लोग पूछते हैं कि यूपी में का बा...। यूपी में का बा... का जवाब है यूपी में बाबा...।

राष्ट्रपति भवन में पीएम मोदी से मिले जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज

नई दिल्ली। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज शनिवार को दो दिवसीय भारत यात्रा पर पहुंचे। यहां राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया। दोनों नेता आज समग्र वार्ता करेंगे, जिसमें यूक्रेन संघर्ष, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति, स्वच्छ ऊर्जा, कारोबार और नई प्रौद्योगिकी के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों में तेजी लाने से जुड़े कदमों पर चर्चा होगी। 2021 में जर्मनी का चांसलर बनने के बाद यह शोल्ज की पहली भारत यात्रा है। वह ऐसे समय में भारत की यात्रा पर आए हैं, जब एक दिन पहले ही यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को एक साल पूरा हुआ है। भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा था, "जर्मन चांसलर शोल्ज और प्रधानमंत्री मोदी के बीच मुलाकात में हम रूस-यूक्रेन युद्ध को एजेंडे में बहुत ऊपर देखते हैं। यह एजेंडे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।" एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मोदी-शोल्ज वार्ता के एजेंडे में रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभाव, खास तौर पर खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा इस बातचीत में प्रमुखता से उठने की संभावना है। इसके अलावा कारोबार, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और नयी प्रौद्योगिकी सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हो सकती है।

'अमृत काल के पहले बजट में युवाओं के भविष्य को दी गई अहमियत' : पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को युवा शक्ति का दोहन-कौशल और शिक्षा पर बजट के बाद के वेबिनार को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के विजन को लेकर देश के अमृत यात्रा का नेतृत्व हमारे युवा ही कर रहे हैं। इसलिए अमृतकाल के इस प्रथम बजट में युवाओं को और उनके भविष्य को सबसे ज्यादा अहमियत दी गई है। पीएम ने आगे कहा कि हमारी शिक्षा प्रणाली व्यावहारिक और उद्योग उन्मुख हो। ये बजट इसकी नींव मजबूत कर रहा है।

सरकार कर रही इन पर फोकस- पीएम मोदी ने कहा कि नई टेक्नोलॉजी नई तरह की क्लासरूम के निर्माण में भी मदद कर रहे हैं। कोविड के दौरान हमने अनुभव भी किया है, इसलिए आज सरकार ऐसे टूल्स पर फोकस कर रही है जिससे कहीं भी ज्ञान की पहुंच सुनिश्चित हो सके। आज भारत को दुनिया विनिर्माण हब के रूप में देख रही है। इसलिए आज भारत में निवेश को लेकर दुनिया में उत्साह है। ऐसे में कुशल कार्यबल आज बहुत काम आती है।

ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म में 3 करोड़ सदस्य- पीएम मोदी ने कहा सरकार ऐसे उपकरणों पर ध्यान केंद्रित कर रही है जिससे कहीं भी शिक्षा प्राप्त करना सुनिश्चित हो सके। आज हमारे ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म में 3 करोड़ सदस्य हैं। वर्चुअल लैब और राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी में भी ज्ञान का बहुत बड़ा माध्यम बनने की संभावना है। नई शिक्षा नीति को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि वर्षों से हमारा शिक्षा क्षेत्र कठोरता का शिकार रहा है। हमने इसे बदलने का प्रयास किया है। हमने युवाओं की शिक्षा और कौशलता को युवाओं की योग्यता और आने वाली मांग के मुताबिक नई दिशा दी। नई शिक्षा नीति में भी शिक्षा और कौशल दोनों पर समान जोर दिया गया है।

भारत को विनिर्माण हब के रूप में देख रही दुनिया- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत को दुनिया विनिर्माण हब के रूप में देख रही है इसलिए आज भारत में निवेश को लेकर दुनिया में उत्साह है। ऐसे में कुशल कार्यबल बहुत काम आती है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 आने वाले वर्षों में लाखों युवाओं को स्किल, रिस्किल, अपस्किल करेगी।

सभी को मिलेंगे बराबरी के अवसर- पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे शैक्षिक संस्थान के लिए भी अब देश भर से शिक्षण सामग्री की अनेक प्रकार की विविधताएं, विशेषताएं जैसी अनेक चीजें उपलब्ध होने वाली है। इससे गांव और शहरों के विद्यालयों के बीच जो खाई होती थी, वो भी दूर होगी। सभी को बराबरी के अवसर मिलेंगे।

माफिया अतीक अहमद, भाई अशरफ पत्नी शाइस्ता सहित बेटों पर एफआईआर

प्रयागराज। विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की हत्या के मामले में पूर्व सांसद अतीक अहमद, उसके भाई पूर्व विधायक मोहम्मद खालिद अजीम उर्फ अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, गुलाम और गुड्डू मुस्लिम के अलावा अतीक के बेटों पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। अतीक अहमद के अज्ञात सहयोगी भी आरोपी बनाए गए हैं। उधर, एसटीएफ द्वारा उमेश पाल हत्याकांड में बीजेपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राहिल हसन को रसूलाबाद निवास से उठाने की सूचना है। उमेश पाल हत्याकांड में घटना के कुछ देर बाद ही अतीक अहमद के दो बेटों असद व अहजम को पुलिस ने उठा लिया। उन्हें गोपनीय स्थान पर ले जाकर पूछताछ चलती रही। इसके अलावा उनके दो दोस्तों और तीन अन्य लोगों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस ने शाइस्ता परवीन से भी पूछताछ की। दरअसल सूत्रों के मुताबिक, घटना के बाद जो सीसीटीवी फुटेज जारी हुआ, उसमें एक हमलावर को देखकर इस हत्याकांड में शक की सुई सबसे ज्यादा अतीक अहमद पर है। इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर अतीक के दो बेटों असद व अहजम को उठा लिया। असद तीसरे, जबकि अहजम अतीक का चौथे नंबर का बेटा है। उन्हें गोपनीय स्थान पर ले जाया गया और पूछताछ की गई। उधर, उनके दो दोस्तों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। इसके अलावा महिला ग्राम इलाके के तीन अन्य युवकों को भी उठाया गया जिनसे देर रात तक पुलिस पूछताछ में जुटी रही। चर्चित बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की शुक्रवार शाम स्वचालित हथियार से गोली मार कर हत्या कर दी गई। उनकी सुरक्षा में लगे दो गनर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली और बम की तड़तड़ाहट से इलाका थर्रा उठा। घटना शुक्रवार की शाम 5:15 बजे उस वक्त हुई जब उमेश जिला कचहरी से कार से धूमनगंज स्थित अपने घर पहुंचे। घटना के बाद हमलावर बाइक से भाग निकले।

सुकमा में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, डीआरजी के 3 जवान शहीद, दो घायल

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व ग्रुप (डीआरजी) के तीन जवान शहीद हो गए हैं। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ शनिवार सुबह जगरगुंडा के पास आश्रम पारा में हुई है। इस दौरान दोनों ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। इस दौरान बम धमाके की आवाज भी सुनी गई।

दो जवान भी घायल- बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों के जवान सर्चिंग अभियान पर निकले थे, तभी नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। मृतकों में एएसआई रामूराम नाग, सहायक कांस्टेबल कुंजम जोगा और सैनिक वंजम भीमा शामिल हैं। हमले में दो जवान घायल भी हुए हैं।

नक्सलियों ने घात लगाकर किया हमला- पुलिस सूत्रों के अनुसार जगरगुंडा क्षेत्र के नए स्थापित कुंदेड़ कैम्प से एरिया डोमिनेशन पर पार्टी निकली थी। तभी कैम्प से दो किमी दूर आश्रमपारा के पास सुबह आठ बजे नक्सलियों ने घात लगाकर जवानों पर हमला कर दिया। सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे मुठभेड़ थमी। बैकअप पार्टी को घटनास्थल की ओर भेजा गया है। क्षेत्र की सर्चिंग की जा रही है।

दोस्तों को फायदा पहुंचाने का काम कर रहे पीएम मोदी, सोनिया का बीजेपी पर हमला

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नया रायपुर में चल रहे कांग्रेस के 85वां पूर्ण अधिवेशन में सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। अधिवेशन के दूसरे दिन कांग्रेस नेता सोनिया ने कहा कि केंद्र सरकार और आरएसएस ने सभी स्वायत्त एजेंसियों पर कब्जा कर लिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी देश के लिए नहीं अपने मित्रों के लिए सत्ता चला रहे हैं। सोनिया ने इसी के साथ राहुल गांधी की तारीफ भी की।

भारत जोड़ो यात्रा के लिए राहुल की तारीफ- सोनिया गांधी ने अपने भाषण में राहुल गांधी की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि राहुल के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा ने बहुत अच्छा काम किया। सोनिया ने कहा कि जिस तरह से राहुल ने इस यात्रा में लोगों के पास पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना वो काबिले तारीफ है।

भाजपा ने हर संस्थान पर कब्जा किया- अधिवेशन को संबोधित करते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि हमें भाजपा शासन से सख्ती से निपटना होगा और लोगों तक अपनी पहुंच बढ़ानी होगी ताकि अपने संदेश स्पष्टता के साथ दे सकें। सोनिया ने आगे कहा कि भाजपा नफरत की आग में घी डालने का काम कर रही है और अल्पसंख्यकों, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों को निशाना बना रही है। कांग्रेस नेता ने इसी के साथ कहा कि यह समय पार्टी और देश के लिए चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि भाजपा ने हर संस्थान पर कब्जा कर लिया है।

कांग्रेस ने लोकतंत्र को मजबूत किया- सोनिया ने कहा कि कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी नहीं बल्कि एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा लोग समानता, स्वतंत्रता और न्याय के लिए लड़ते हैं। हम लोगों की आवाज को आगे बढ़ाते हैं और उनके सपने पूरे करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमारा रास्ता आसान नहीं है लेकिन हम जरूर जीतेंगे। सोनिया ने इसी के साथ कहा कि कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है।

एमसीडी के सदन की लड़ाई दिल्ली पुलिस के थाने तक पहुंची, आप-भाजपा ने एक-दूसरे के खिलाफ दी शिकायत

नई दिल्ली। एमसीडी दिल्ली में मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव के बाद शुक्रवार को एमसीडी की स्थायी समिति के सदस्यों के लिए हुए चुनाव में देर शाम हंगामे के बाद सदन में आप और भाजपा पार्षदों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सदन में जोरदार हंगामे और मार-पीट के बाद आप और बीजेपी दोनों ने दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। आप और भाजपा पार्षदों द्वारा पुलिस को दी शिकायत के बारे में जानकारी देते हुए शनिवार को एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि पुलिस को दोनों पक्षों से शिकायत मिली है और आगे की कार्रवाई की जाएगी। मेयर शैली ओबेरॉय द्वारा शुक्रवार को प्रमुख छह सदस्यीय स्थायी समिति के चुनाव में एक वोट को अवैध घोषित करने के बाद नारेबाजी के बीच भाजपा और आप सदस्यों ने एक-दूसरे को लात, घूंसे और धक्का देकर एमसीडी हाउस में लड़ाई शुरू कर दी थी। एमसीडी हाउस में जोरदार हंगामे के बाद मेयर शैली ओबेरॉय ने हाउस की कार्यवाही को 27 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दिया। अब 27 फरवरी को स्थायी समिति का चुनाव होगा। वहीं, इस सबके बीच आप पार्षद अशोक मनु अचेत होग गिर गए, जिसके बाद उन्हें नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। फिर बाद में तबीयत

ठीक होने के बाद पार्षद ने सदन में भाग लिया। दिल्ली नगर निगम हुए जोरदार हंगामे के बाद भाजपा और आप दोनों ने इस घटना के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया। एक वीडियो में दोनों पार्टियों के पार्षदों को सदन के अंदर एक-दूसरे पर पानी की बोतलें और सेब फेंकते हुए देखा जा सकता है, जबकि दूसरे वीडियो में महिला पार्षदों को एक-दूसरे को मारते हुए देखा जा सकता है।

भाजपा पर जमकर बरसे मल्लिकार्जुन खरगे, कहा- 56 इंच का सीना है तो...

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में कांग्रेस का 85वां पूर्ण अधिवेशन जारी है। शनिवार को अधिवेशन का दूसरा दिन के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अधिवेशन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के पूर्ण अधिवेशन को रोकने के लिए ईडी से छापे पड़वाए गए, जिसका कार्यकताओं ने डटकर मुकाबला किया। उन्होंने कहा कि आज देश कठिन चुनौतियों से जूझ रहा है।

नोटबंदी और जीएसटी को लेकर सरकार पर साधा निशाना- खरगे ने कहा कि नोटबंदी और जीएसटी को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से बनाई गई और गलत तरीके से लागू की गई जीएसटी ने छोटे उद्योगों और व्यापारियों को चौपट कर दिया। वहीं, नोटबंदी ने करोड़ों मजदूरों को दर-बदर की ठोकर खाने को मजबूर कर दिया। दवा के लिए लोग भटकते नजर आए। यहां तक कि अंतिम संस्कार करने के लिए भी लोग लाइन में लगे हुए नजर आए।

युवाओं को नहीं मिल रहा रोजगार- कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। महंगाई बढ़ रही है। अमीर और गरीब के बीच खाईं बढ़ती जा रही है। आज हालत यह है कि गरीब और मध्यम वर्ग काफी परेशान है।

भारत-चीन सीमा पर सरकार की दिखी नाकामी- खरगे ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कह रहे हैं कि चीन हमारी सीमा में घुसा नहीं, वहीं दूसरी ओर विदेश मंत्री एस जयशंकर कह रहे हैं कि हम चीन से लड़ नहीं सकते, क्योंकि वह हमसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह केंद्र सरकार की नाकामी को दशार्ता है।

56 इंच का सीना है तो दिलाएं चीन से हमारी जमीन- कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, "हम पीएम मोदी का 56 इंच का सीना तभी मानेंगे, जब आप हमारी जमीन को चीन के कब्जे से वापस दिला देंगे।" उन्होंने कहा, 'यह केवल कांग्रेस में ही संभव है कि एक साधारण व्यक्ति जो कभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष था, आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध?यक्ष निर्वाचित हो गया। यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा सबूत है।" इससे पहले, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने ध्वजारोहण कर पार्टी के 85वें अधिवेशन की विधिवत शुरूआत की। इस दौरान उढढ चेयरपर्सन सोनिया गांधी, राहुल गांधी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी राष्ट्रध्वज को सलामी दी।

राहुल गांधी पर है देश की निगाहें- वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, "हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि यह महाअधिवेशन छत्तीसगढ़ में हो रहा है। यह अधिवेशन तब हो रहा है जब देश महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहा है। किसान, मजदूर बेहाल हैं। पड़ोसी देशों से हमारे रिश्ते ठीक नहीं है। ऐसे में देश की निगाहें राहुल गांधी जी पर हैं।"

ओडिशा के जाजपुर में सड़क दुर्घटना प. बंगाल के 7 लोगों की दर्दनाक मौत

नई दिल्ली। ओडिशा के जाजपुर जिले में शनिवार को एक बड़ी दुर्घटना हो गई। यहां एक खड़े ट्रक से मिनी ट्रक भिड़ गई। इसमें सात लोगों की मौत हो गई। मरने वाले सभी सात लोग पश्चिम बंगाल के थे। जाजपुर के पुलिस अधीक्षक विनीत अग्रवाल ने बताया कि छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। एसपी ने कहा, 'हमने मृतकों के परिवार के सदस्यों को सूचित कर दिया है और वे जाजपुर के रास्ते में हैं। सभी मृतक व्यक्ति पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे।' जाजपुर के कलेक्टर चक्रवर्ती सिंह राठौड़ ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई थी। धर्मशाला पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक राकेश त्रिपाठी ने बताया कि पोल्ट्री सामान लेने के लिए कोलकाता से भुवनेश्वर जा रही मिनी ट्रक एनएच-16 पर नेउलपुर इलाके में खड़े ट्रक से शनिवार तड़के कोहरे के कारण टकरा गया। इसके चलते मिनी ट्रक में सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई।

संपादकीय

मर्यादा की हदें

राजनीति में पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप कोई गलत बात नहीं, बशर्ते वह मयार्दा के भीतर हो। मगर हमारे राजनीतिक दल और राजनेता शायद इस तकाजे को भुलाते जा रहे हैं या फिर राजनीति का स्तर ही सिद्धांतों और मुद्दों से खिसक कर व्यक्तिगत छींटाकशी पर उतर आया है। इसके अनेक उदाहरण राजनीतिक दलों और सत्ता के शीर्ष तक मौजूद हैं। इसका ताजा उदाहरण कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के बयान में दिखा, जब उन्होंने प्रधानमंत्री के निजी जीवन पर हमला बोला। स्वाभाविक ही उसे लेकर भारतीय जनता पार्टी में रोष पैदा हुआ। उनके खिलाफ कई जगह मुकदमे दर्ज कराए गए। उसी क्रम में असम की पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने दिल्ली पहुंच गई। मगर उसने गिरफ्तारी का जो तरीका अपनाया और जो समय चुना, वह किसी को भी उचित नहीं लगा। खेड़ा पार्टी के अधिवेशन में हिस्सा लेने रायपुर जा रहे थे। हवाई जहाज में बैठ चुके थे। तब उन्हें जहाज से उतार कर गिरफ्तार किया गया। इसे लेकर खासा हंगामा हुआ और आखिरकार उस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने दखल दिया, तब वह शांत हो सका। उचित ही इसे लेकर सरकार के रवैए पर भी सवाल उठे। इसलिए कि यह ऐसा मामला नहीं था, जिसमें गिरफ्तारी के लिए ऐसी हड़बड़ी दिखाई जाए। यह पहली बार नहीं है, जब किसी राजनेता के अभद्र, उत्तेजक और जानबूझ कर मानहानि करने वाले बयान पर अदालत ने फटकार लगाई या संयम बरतने की नसीहत दी। पवन खेड़ा की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि आप लोगों को संयम बरतना चाहिए। मगर यह बात कांग्रेस को कितनी समझ आई, कहना मुश्किल है। खेड़ा को रिहाई मिलते ही कांग्रेस के नेताओं ने अपनी सफाई में तमाम वे बयान साझा करने शुरू कर दिए, जो प्रधानमंत्री ने विभिन्न मौकों पर दिए थे। इस तरह गड़े मुर्दे उखाड़ कर एक तरह से अपने कार्यकताओं और समर्थकों को उकसाया जाने लगा। इससे लगता नहीं कि दोनों पार्टियों के नेता आने वाले वक्त में भी ऐसी अशोभन टिप्पणियों से बाज आने वाले हैं। सार्वजनिक जीवन में राजनेताओं का आचरण नीचे के कार्यकताओं के लिए अनुकरणीय बन जाता है, इसलिए अगर कोई दल या नेता किसी गलत परंपरा या आचरण को उचित ठहराने पर तुल जाता है, तो उसका असर पूरे समाज पर दिखाई देने लगता है। मगर शायद राजनीतिक दलों को इसकी परवाह नहीं, उन्होंने मान लिया है कि सड़कछाप भाषा से जनाधार मजबूत होता है। बड़प्पन इस बात में नहीं कि कोई छींटाकशी करे, तो आप भी उसका जवाब उसी लहजे में दें। असम पुलिस ने जिस तरह पवन खेड़ा को गिरफ्तार किया, उस पर भी सवाल उचित हैं। उसकी तत्परता से स्पष्ट हो गया कि उसकी कार्रवाई सत्ता प्रेरित है। अगर इस तरह उन्हें गिरफ्तार न किया जाता, तो शायद बहुत सारे लोगों का ध्यान उनके उस बयान की तरफ जाता भी नहीं। पर अब जो नहीं जानते थे, उन्हें भी पता लग गया। अगर किसी ने जुर्म किया है, तो उसके खिलाफ निस्संदेह कार्रवाई होनी चाहिए। मगर अपराध की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की जाती है। ऐसा नहीं हो सकता कि पुलिस खुद नियम-कायदों को ताक पर रख कर कार्रवाई करे। अगर असम सरकार इस मामले में थोड़ा संयम बरतती, तो उससे उसका बड़प्पन ही जाहिर होता। इस तरह मयार्दाएं अब एक तरफ से नहीं, दोनों तरफ से टूटती नजर आती हैं। अफसोस कि जिन लोगों से आदर्श आचरण की अपेक्षा की जाती है, वही अमर्यादित आचरण करते देखे जाते हैं।

व्यवस्था में गृहिणी की जगह

हाल ही में केरल उच्च न्यायालय ने केरल राज्य सड़क परिवहन निगम को एक सड़क हादसे में पीड़िता को इस आधार पर मुआवजा देने से इनकार करने पर फटकार लगाई कि पीड़िता गृहिणी है। वह कोई पैसा नहीं कमाती, इस वजह से वह दिव्यांगता और अन्य सुविधाओं के लिए मिलने वाले मुआवजे की सुपात्र नहीं है। न्यायालय ने इस तर्क को अपमानजनक और समझ से परे बताया। न्यायालय ने कहा कि हादसे के लिए मुआवजा एक गृहिणी और कामकाजी महिला के लिए समान होना चाहिए। गृहिणी भी अपने परिवार को पूरा समय देती है। इस मामले में अदालत ने गृहिणी की भूमिका को राष्ट्र निमार्ता बताते हुए बेहतर मुआवजा देने का आदेश दिया। दरअसल, घरेलू मोर्चे पर सब कुछ संभालने के बावजूद महिलाओं को कुछ न करने वाली भूमिका में देखा जाना हमारे यहां आम बात है। घर की जिम्मेदारियां संभालने वाली इन महिलाओं की आय को मौद्रिक रूप में न आंके जाने के कारण उनकी आपाधापी और योगदान को जरा कम करके ही देखा जाता है।

सामाजिक-पारिवारिक बर्ताव से लेकर महिलाओं के लिए बनने वाली नीतियों और योजनाओं की रूपरेखा तक पर, उन्हें कमतर समझने की इस सोच का असर साफ दिखता है। तभी तो गृहिणियों के लिए कहीं कोई विशेष प्रावधान नजर नहीं आता। जबकि गृहिणियां अपने से ज्यादा प्राथमिकता अपनों और अपने से जुड़े संबंधों को देती हैं। ऐसे में गृहिणी की भूमिका पर न्यायाधीश का यह कहना कि एक मां और पत्नी के रूप में उनका योगदान अमूल्य है, वाकई विचारणीय है। इसका सीधा संदेश यही है कि महिलाओं की आम-सी लगने वाली इस भूमिका को खास नजरिए से समझा जाना आवश्यक है। गौरतलब है कि 2020 में मुंबई हाईकोर्ट ने भी एक महत्त्वपूर्ण आदेश में एक महिला की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में उसके परिजनों को मुआवजा देने का आदेश दिया था। अदालत ने वाहन दुर्घटना पंचाट के उस आदेश को खारिज कर दिया था, जिसमें महिला के परिजनों को उसके गृहिणी होने की वजह से मुआवजा देने से इनकार किया गया था। तब भी न्यायालय ने बेहद संवेदनशील टिप्पणी की थी कि गृहिणी के रूप में एक महिला की भूमिका एक परिवार में सबसे महत्त्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण होती है।

वास्तव में वह भावनात्मक रूप से परिवार को एक साथ रखती है। वह घर में पति का सहयोग करने वाला एक स्तंभ, अपने बच्चों के लिए एक मार्गदर्शक और परिवार के बुजुर्गों के लिए आश्रय की तरह होती है। वह एक दिन की भी छुट्टी लिए बिना दिन-रात काम करती है, भले वह कामकाजी महिला हो या न हो। हालांकि, वह जो काम करती है, उसकी कोई सराहना नहीं होती और उसे नौकरी नहीं माना जाता है। एक महिला द्वारा घर में दी जाने वाली सेवाओं को मौद्रिक दृष्टि से गिनना एक असंभव कार्य है, जो सैकड़ों घटकों से मिलकर बने होते है। कोरोना काल में गृहिणियों द्वारा न केवल अपनों, बल्कि आस-पड़ोस के लोगों तक भी मदद पहुंचाने के कई उदाहरण सामने आए थे। घर तक सिमटी जिंदगी के तकलीफदेह दौर में भी घरेलू महिलाओं ने हर आपाधापी से जूझते हुए अपनों को संभाला था।

दरअसल, न्यायिक मामलों में आई ये टिप्पणियां कहीं न कहीं समाज और परिवार को भी सजग करने वाली हैं। घरेलू महिलाओं की भागीदारी को लेकर सही मायने में जागरूक करती है। यकीनन, श्रम की अनदेखी और उपेक्षापूर्ण बर्ताव के मोर्चे पर समग्र समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता जरूरी है। यों भी विभिन्न संस्थानों और संगठनों से लेकर घरेलू स्त्रियों के सगे-संबंधियों तक, सभी को उनकी इस सिमटी-सी दिखने वाली भूमिका के विस्तृत दायित्वों को समझने का प्रयास करना ही चाहिए। गौरतलब है कि पिछले साल ऐसे ही एक मामले में गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने कहा था कि गृहिणियां काम नहीं करतीं या वे घर में आर्थिक योगदान नहीं देतीं, यह धारणा ही समस्यापूर्ण है। कई वर्षों से ऐसी समझ कायम है और इसे दूर किया जाना चाहिए। समझना मुश्किल नहीं कि एक गृहिणी की बहुआयामी भूमिका को सही ढंग से समझे बिना उनके हिस्से सहयोग और सम्मान भी नहीं आ सकता। ऐसे में उपेक्षापूर्ण व्यवहार-विचार से उपजी अनदेखी उनके मान और मनोबल को ठेस पहुंचाती है।

बावजूद इसके, अपनों-परायों का यह रुख कमोबेश दुनिया के हर भूभाग की गृहिणियों के हिस्से आता है, जबकि सच तो यह है कि उनके अवैतनिक कार्यों का मोल आंकना लगभग नामुमकिन है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की 2021 की रिपोर्ट बताती है कि विश्व में महिलाएं अवैतनिक घरेलू कार्यों के लिए कुल घंटों का छिहत्तर फीसद समय देती हैं। एशियाई देशों में यह आंकड़ा अस्सी फीसद से भी ज्यादा है। हमारे देश में ऐसी महिलाओं की आबादी करीब बीस करोड़ है। हर महीने उनके अवैतनिक घरेलू कार्यों का मौद्रिक आकलन औसतन चालीस हजार करोड़ रुपए तक पहुंचता है। वहीं आक्सफैम की टाइम टू केयर की रिपोर्ट कहती है कि दुनिया भर में आधी आबादी साल भर में करीब दस हजार अरब डालर के अवैतनिक घरेलू कार्य करती है। ऐसे में उनकी इस भागीदारी का मोल समझना और स्वीकार करना आवश्यक है। यह स्वीकार्यता और समझ अपने ही आंगन में उनके काम को मान दिलाने की पहली शर्त है।

यह कड़वा सच है कि गृहिणियों को दूसरों पर निर्भर व्यक्तित्व के रूप में ही देखा जाता है। जबकि आर्थिक रूप से सक्षम और कामकाजी मोर्चों पर व्यस्त परिजनों के जीवन की संभाल उनके ही हिस्से होती है। अपनी जिम्मेदारियां उठाने की व्यस्तता कामकाजी क्षेत्र में उनकी उत्पादकता को ही घटाएगी। ऐसे में परोक्ष रूप से हर गृहिणी अथोर्पार्जन की गतिविधियों में भागीदार होती है। हालांकि इसे समझने का भाव आज भी नदारद है। यही वजह है कि अब दुनिया के हर हिस्से में घरेलू मोर्चे पर डटी महिलाओं की भूमिका का आर्थिक मूल्यांकन करने की बात उठ रही है। बीते साल चीन में तलाक के मामले में आया एक फैसला काफी चर्चित हुआ था। उसमें न्यायालय ने कहा था कि शादी के बाद महिला ने पति के घर में पांच साल काम किया, इसलिए उसे पांच लाख रुपए का मुआवजा मिलना चाहिए। वह आदेश ऐतिहासिक माना गया। उसके बाद वहां घर के कामों के मेहनताने को लेकर बहस भी शुरू हुई। यह दुनिया के हर देश, हर समाज और हर परिवार से जुड़ा संवेदनशील विषय है। दरअसल, अनगिनत जिम्मेदारियां निभाने वाली गृहिणी की पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक भागीदारी की अनदेखी कई मोर्चों पर तकलीफदेह है। इस उपेक्षा के चलते गृहिणियों में अवसाद और आत्महत्या के आंकड़े भी बढ़ रहे हैं। उनके श्रम और सहभागिता को मान न मिलना अपराधबोध को भी जन्म देता है। नतीजतन, बहुत-सी शारीरिक, मानसिक व्याधियां भी उन्हें घेर लेती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 2019 में सर्वाधिक खुदकुशी करने वालों में दिहाड़ी मजदूरों के बाद गृहिणियों के आंकड़े ही रहे। ऐसे में उनके जीवन की सहजता के लिए समग्र समाज का इस भेदभावपूर्ण मानसिकता से बाहर आना आवश्यक है। उनके श्रमशील व्यक्तित्व की आपाधापी को समझना जरूरी है। घर तक सिमटी जिंदगी जी रही महिलाओं की मनःस्थिति समझने का परिवेश बनाने की दरकार है। सबके मन को समझने वाली महिलाओं के लिए भी समाज और परिवार का संबल आवश्यक है। यही वजह है कि ऐसे न्यायिक निर्णय समाज के लिए अहम संदेश लिए होते हैं। नए विमर्श को जन्म देते हैं।

सामाजिक चेतना की धुरी

हमारा निजी और सार्वजनिक सच एक-सा होना कई बार परतों में बंटा होता है। आधुनिक तकनीकी दौर में देखें तो हम सोशल मीडिया पर खुद को जिस रूप में प्रस्तुत करते हैं, जरूरी नहीं कि निजी जिंदगी में भी हम वैसे हों। सार्वजनिक मंच के रूप में सोशल मीडिया को आमतौर पर अपनी छवि चमकाने का साधन माना जाने लगा है। वास्तव में हम सामाजिक चेतना संपन्न हों या नहीं, लेकिन ऐसे मंचों पर खुद को सेवाभावी, परोपकारी, विनम्र, करुणामय, भावुक और न जाने क्या-कुछ बताकर हम खरे सामाजिक की छवि गढ़ने में लगे रहते हैं, ताकि आभासी दुनिया हमें पसंद करे, हमारी प्रशंसा करे।

आभासी दुनिया में छवि चमकाने की कोशिश के चलते हम अपने व्यावहारिक जीवन की छवि के आकलन के लिए अवकाश नहीं निकाल पाते। सचमुच हम कितने सामाजिक हैं, समाज के प्रति हमारा व्यवहार कैसा है, हमारे व्यवहार से अन्य व्यक्ति पर कैसा प्रभाव पड़ रहा है, इस पर आत्म आलोचना हम शायद ही करते होंगे, जबकि समाजशास्त्रियों का मानना है कि समाज मात्र व्यक्तियों का समूह नहीं है, बल्कि उनके बीच सामाजिक संबंधों का आधार रहना आवश्यक है।

सामाजिक संबंध से अभिप्राय एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के साथ संबंध से है, जिसमें एक दूसरे के अस्तित्व को ध्यान में रखते हुए आचरण किया जाता है। पशु और व्यक्ति के बीच विभेद का मूलाधार भी उसका आचरण ही है। व्यक्ति और पशु के दैनिक जीवन में अनेक समानताएं लक्षित होती हैं। भोजन, शयन आदि दोनों करते हैं। मनुष्य की तरह पशु अपना हित-अहित अच्छी तरह समझता है। जाहिर है कि पशु और मनुष्य के बीच विभेद-रेखा है आचरण। मनुष्य ज्ञान प्राप्त करके अपने को संस्कारित करता है और उसका आचरण समाज के हित और कल्याण में सन्निहित होता है। तभी समाज को ऐसा संगठन माना गया है जो व्यक्ति के आचरण का नियमन और पथ प्रदर्शन करता है। सामाजिक प्राणी होने के नाते मनुष्य समाज से पूरी तरह जुड़ा हुआ है। उसका हित, कल्याण, उन्नति समाज पर निर्भर है। इसलिए जहां मानवीय जीवन है, वहां सामाजिक संबंध है और जहां सामाजिक संबंध है, वहां समाज का अस्तित्व है। व्यक्ति समाज की केंद्रीय इकाई है, इसलिए समाज में रहकर वह जैसी क्रियाएं करेगा, उसके संबंध वैसे ही स्थापित होंगे।

ऐसे में समाज को मानवीय जीवन और सामाजिक संबंध का समुच्चय कहा जा सकता है। जिस व्यक्ति में सामाजिक चेतना है, सामाजिक कार्यों के प्रति अभिरुचि है, सही मायने में वही सामाजिक प्राणी और समाज की केंद्रीय इकाई है। चेतना, चेतन मानस की वह शक्ति है जो आंतरिक और बाह्य तत्त्वों, वस्तुओं, विषयों, व्यवहारों का ज्ञान अनुभव कराती है। चेतना को उस ज्ञानात्मक मनोवृत्ति, ज्ञानात्मक दृष्टिकोण या विवेक शक्ति के रूप में स्वीकार किया गया है जो मनुष्य को आंतरिक और बाह्य तत्त्वों को देखने-समझने, सुनने या उनके प्रति जागरूक होने की क्षमता प्रदान करती है। ह्यचेतनाह्न मनुष्य को उचित और अनुचित का अभिज्ञान कराती है, जिससे उसकी निर्णय शक्ति निर्मित और विकसित होती है।

सामाजिक चेतना मानवीय चेतना का सामाजिक रूप है। समाज ऐसी नियामक संस्था है जो सभी के हित और संपूर्ण विकास के लिए निर्मित हुई है और चेतना वह ज्ञानात्मक दृष्टिकोण या मनोवृत्ति है जो मनुष्य को आंतरिक और बाह्य तत्त्वों के प्रति जागरूकता प्रदान करती है। कह सकते हैं कि सामाजिक चेतना से तात्पर्य सामाजिक जागरूकता से है। जब समाज मनुष्य के प्रति अपने भौतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक, राजनीतिक आदि कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर पाता, तब समाज में अज्ञानता, शोषण, अंधविश्वास, बाह्य आडंबर, रूढ़ियां, आर्थिक विषमता, छुआछूत, वर्ण-वर्ग भेद, राजनीतिक-सांस्कृतिक-नैतिक हनन, मानवता का ह्रास आदि राग-द्वेष उत्पन्न होते हैं। इनकी क्रिया-प्रतिक्रिया स्वरूप उत्पन्न भावात्मक, ज्ञानात्मक और क्रियात्मक परिवर्तनों की संपूर्ण चेतना ही सामाजिक चेतना है। विचार, विवेक, विज्ञान मनुष्य को समाज की विसंगतियों के प्रति चेतना संपन्न बनाते हैं। मनुष्य अपने भौतिक धरातल पर अच्छे और बुरे के प्रति अपनी क्रिया-प्रतिक्रिया व्यक्त करता है, वही व्यक्ति-चेतना है।

जौनपुर को बी श्रेणी में रखने का मंल्हनी विधायक लकी यादव ने विधानसभा में की मांग

प्रखर जौनपुर । मंल्हनी विधायक लकी यादव ने विधानसभा के बजट सत्र मे. महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर अपनी बात रखते हुयें जौनपुर को सुविधाओं का लाभ मिले जिसके लिए जनपद को बी श्रेणी में रखने का महत्वपूर्ण मांग किया वहीं जौनपुर को जाम से निजात मिलें इसके लिए पार्किंग बनाने की मांग की वहीं उन्होंने कहा मुख्यमंत्री द्वारा मल्हनी के उपचुनाव में घोषणा किया गया था कि कलीचाबाद समेत तीन पुल को बनवाने का काम किया जाएगा उन्होंने कलीचाबाद पुल का नाम तो बदल दिया लेकिन अभी तक उस पुल पर किसी प्रकार का कोई कार्य शुरू नहीं हुआ कृपया जनमानस की समस्या को देखते हुए आप द्वारा घोषित सभी पुलों का निर्माण जल्द से जल्द कराने की कृपा करें वहीं उन्होंने बिजली विभाग को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि हमने अपने विधायक निधि से दो करोड़ रुपया अपने क्षेत्र में विद्युतीकरण के लिए दिया आज इतना दिन हो गया अभी तक विद्युतीकरण का कोई काम हमारे क्षेत्र में नहीं स्टार्ट हुआ वहीं पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते हुए SO बक्सा SO सिकरारा जो थाने पर बैठकर दलालों के माध्यम से आम जनमानस की थोड़ी सी भी समस्या सुलझाने के लिए पैसे की वसूली करवाते हैं वहीं रोज राहगीरों की गाड़ी पकड़ कर पैसा लेकर उनको छोड़ने का काम करते हैं इसकी जांच करा कर उन दोनों थानाध्यक्ष पर उचित कार्रवाई करने की कृपा करें वहीं लालाबाजार शिवगुलामगंज होते हुये करंजाकला जाने वाली सड़क बहुत जर्जर हो चुकी है उसे चौड़ीकरण के साथ बनवाने की कृपा करें वहीं उन्होंने कहा अग्निवीर कांड में सिकरारा व बक्सा के निर्दोष लोगों को फसाया गया है कृपया इसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर निर्दोष लोगों को बाहर निकालने का काम करें वहीं उन्होंने मल्हनी बाजार व नौपेडवा बाजार को नगर पंचायत बनाने का माग किया।

तू तड़ाक पर पहुंची!

सदन बना अखाड़ा ।
छिड़ गई है जंग ।।
बीच बीच में थोड़ी थोड़ी ।
आ जाती उमंग ।।
कीचड़ रहे उछाल ।
है अभी शुरूआत ।।
धीरे धीरे देखते ।
कहां पहुंचती बात ।।
तू तड़ाक पर पहुंची ।
है तीखी तकरार ।।
अपने अपने स्तर से ।
हो रहे प्रहार ।।
करना होगा बीच बचाव ।
है लगता इस बार ।।
फूल माला लेकर ।
करवाएं सत्कार ।।

–कृष्णेन्द्र राय

शीएट स्कूल ऑफ बिजनेस में एंट्रोप्रेनोरशिप एंड इनक्यूबेशन का तीसरा लेक्चर सीरीज संपन्न हुआ

प्रखर वाराणसी। शीएट स्कूल ऑफ बिजनेस के उद्यमी इनक्यूबेशन फाउंडेशन में एंट्रोप्रेनोरशिप एंड इनक्यूबेशन का तीसरा लेक्चर सीरीज का आयोजन संपन्न हुआ' जिसमें बीबीए तथा एमबीए के लगभग 100 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता के रूप में डॉ अंशुमन भट्टाचार्य का उद्यमिता परिस्थितिकी तंत्र (एंट्रोप्रेनोरियल इकोसिस्टम) विषय पर व्याख्यान हुआ तथा विद्यार्थियों को इसकी विस्तृत जानकारी दी और विद्यार्थियों ने अपनी अपनी सहभागिता उत्साह के साथ दी। कार्यक्रम में स्वागत भाषण सुनैना पटेल द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन हंसिका अरोड़ा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के दौरान शीएट कॉलेज के डायरेक्टर प्रोफेसर कुलभूषण गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ विजय उपाध्याय, प्रोफेसर आशुतोष द्विवेदी, असिस्टेंट प्रोफेसर निवेदिता वर्मा, रागी टी. एस. तथा निमिषा खत्री मौजूद थे।

विद्यालय में बच्चों को सिखाया गया योग

प्रखर गोरखपुर। पाली ब्लॉक के कमपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिनवा में और कमपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय तेतरिया व प्राथमिक विद्यालय पट्टी धर्मराज में शनिवार को बच्चों को योग सिखाया गया और उसके फायदे भी बताए गए। प्रशिक्षिका नेहा शुक्ला व प्रशिक्षक सूरज वर्मा के द्वारा बच्चों को योग कराया गया, कार्यक्रम में भारी संख्या में बच्चे मौजूद थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि- योग करने से मन-मस्तिष्क व शरीर स्वस्थ रहता है। स्वास्थ्य लाभ ही जीवन का सबसे बड़ा लाभ है।

पीपीगंज में डीसीएम ने बाइक सवार को मारी टक्कर पूर्व प्रधान के बेटे की मौत दो की हालत गंभीर, एक बाइक पर सवार थे तीन युवक

प्रखर गोरखपुर। सोनौली मार्ग पर शनिवार के दोपहर बापू आई टी आई के पास हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल हुए युवकों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतक युवक का शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। वही डीसीएम और वाइक को अपने कब्जे में ले लिया। घटना गोरखपुर सोनौली मार्ग में हुई है।जहां शनिवार की दोपहर करीब ढाई बजे एक बाइक पर तीन युवक बिना हेलमेट के पीपीगंज की तरफ आ रहे थे। राहगीरों के मुताबिक दौरान तेज गति से आ रही थी जल की चपेट में बाइक सवार आ गए में बाइक सवार साहब जी पूर्व ग्राम प्रधान बाबू लाल यादव के बेटे मोनू यादव 16 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। मोनू के बाइक पर सवार शंभू गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता एक अन्य युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस ने मौके से हादसे में शामिल डीसीएम को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया।जबकि चालक फरार हो गया। हादसे के शिकार तीनों युवक नगर पंचायत के साहबगंज के टोला तिलक पुरवा के निवासी हैं।इस घटना के बाद हादसे में मृतक पूर्व प्रधान के घर में कोहराम मच गया है वहीं अन्य दोनों युवकों के परिजन भी सदमे में है।

सोच के शिकार

अकस्मात मन में आया एक विचार
लोग हो गये हैं सोच के शिकार,
नित बदल रहा ये समाज
क्या पतन का हो गया आगाज?

जँहा, शिक्षा बन गया व्यापार,
नारी हो रही शर्मशार ,
वृद्ध हो गये लाचार,
लोग भूले गीता का शार`

ना अर्थ रहा निर्वाह के संवाद का,
तासीर है बातों में विवाद का ,
अब जोर है आतंकवाद का,
यही सोच है समाज का`

अब, परोपकार किताबों में सिमट गया,
समझ पैसे पर भटक गया
प्रकृति हाथों से फिसल गया,
संसार प्रगति की ओर बढ़ गया?

पक्षी हैं बेटियां, पिजडा बना डाला,
शेर हैं बेटे इस संज्ञा का हवाला,
स्व ने, समाज को इस कदर बदल डाला,
कि सोच ने, इंसान को, शिकार, और शिकारी बना डाला

Pratima Singh (PGT MATH LFCS)

नमामि गंगे युवाओं की सहभागिता के अंतर्गत ग्राम स्तरीय दो दिवसीय गंगा दूतों का उन्मुखीकरण

प्रखर मिजार्पुर। ग्राम पंचायत भरेहठा के पंचायत भवन पर नेहरू युवा केंद्र मिजार्पुर सहयोग युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा नमामि गंगे परियोजना के तहत ग्राम प्रधान मीनू सोनकर की अध्यक्षता में ग्राम स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें कुल 55 किशोर किशोरी महिला एवं पुरुष प्रतिभाग किए कार्यक्रम की शुरूआत रतन कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया सभी लोगों को बताया गया कि नमामि गंगे के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को आयोजित करने के लिए प्रशिक्षित और अत्यधिक प्रेरित स्थानीय युवाओं का कैडर विकसित करना प्रमुख उद्देश्य है जैसे गांव में साफ-सफाई अंधाधुन जल दोहन पर रोक वृक्षों की कटाई पर रोक पॉलिथीन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध हमारी संस्कृति धरोहर विरासत को संरक्षित करना प्रमुख उद्देश्य है' प्रदूषित गंगा के परिणामों और प्रभाव के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना और लक्षित समुदाय वर्ग को शिक्षित करना। स्वच्छ गंगा के लिए शौचालय निर्माण, जल संचयन, संरक्षण आदि से संबंधित मौजूदा सरकारी कार्यक्रमों, योजनाओं और सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना प्रमुख उद्देश्य है गंगा को पूर्ण रूप से स्वच्छ करने से ही मानव जीवन विकसित हो सकता है इसके बगैर मानव जीवन को बेहतर करना संभव नहीं है इस विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए राघवेंद्र कुमार के द्वारा बताया गया कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण वृक्षों की कटाई पर रोक जल संरक्षण जलीय जीव जंतुओं का संरक्षण गीला कचरा सूखा कचरा का उचित निपटारा जेंडर पर प्रकाश डाला गया तथा महिलाओं तथा किशोरियों की भागीदारी स्वच्छता अभियान जल संरक्षण गंगा का साफ-सफाई मैं कैसे सुनिश्चित किया जाए इस विषय पर जानकारी दिया गया उसके बाद जलवायु परिवर्तन पर चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन गंगा दूत के बीच कराया गया तथा संगठित रहने के लिए एक्टिविटी कराया गया उसके बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी किस्मत क्षत्रिया जी के द्वारा गंगा के साफ-सफाई स्वच्छता पर विस्तार पूर्वक जानकारी साझा किया गया उसके बाद सभी गंगा दूतों को दो दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपलक्ष में प्रमाण पत्र तथा यात्रा भत्ता वितरण किया गया कार्यक्रम में ' कार्यक्रम में गंगा दूत अंकित कुमार अर्पित कुमार सिंह अनामिका कुमारी दिव्या सुनकर राहुल खुशी कोमल अंतिमा अंजली भारती काजल आशना निधि कुमारी दिव्या भारती आंचल कल्पना ऋतुराज चांदनी रागिनी संजना इत्यादि लोग मौजूद रहे।

बच्चों ने गौरैया को बचाने का लिया संकल्प

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वीवंडर फाउंडेशन ने गौरैया बचाओ अभियान को देशव्यापी बनाने की दिशा में शनिवार को जगतपुर पीजी कॉलेज परिसर में गौरैया बचाओ अभियान चलाया इस दौरान 200 से अधिक बच्चों ने गौरैया को बचाने का संकल्प लिया` इस दौरान संस्था के अध्यक्ष गोपाल कुमार ने बताया कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए पंछियों को ज़िंदा रखना बहुत जरूरी है इस दौरान संस्था की संरक्षक वर्षा प्रधान ने बताया की जिस प्रकार गौरैया चिड़िया प्रजाति विलुप्त होने के कगार पर है अगर ऐसा ही रहा तो उसकी आवाज सुनायी देना बंद हो जाएगी इसके लिए उन्होंने बच्चों से अपील की कि गौरैया एवं अन्य चिड़ियों के लिए अपने घर क बालकनी में उनकी खाने के लिए दाना और पानी अवश्य रखें इस दौरान संस्था की बोर्ड मेम्बर सीमा गुप्ता ने बताया की बेजुबान पंछियों की सुरक्षा लिए सभी के लिए शुरू की गई इस मुहिम में लोग लगातार जुड़ रहे हैं और बच्चों को भी आगे आकर इस मुहिम में अपनी सहकारिता दर्ज करे।

न्यायालय के आदेश पर धारा 82 की कार्रवाई करते हुए नोटिस की गई चस्पा, पिटवाई गई डुगडुगी

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़ । न्यायालय के आदेश पर शनिवार को गंभीरपुर थाना पुलिस के उप निरीक्षक ओंकार नाथ पाण्डेय मय हम राहियों के द्वारा थाना क्षेत्र के अछिछी गांव में धारा 82 की कार्रवाई की गई जानकारी के अनुसार गंभीरपुर थाना क्षेत्र के अछिछी गांव निवासी सुरेश पुत्र मंगल के ऊपर गंभीरपुर थाने में २-२३ ,323,504,506 आईपीसी मे वांछित चल रहा था कोर्ट के आदेश पर थाना गंभीरपुर के उपनिरीक्षक ओंकार नाथ पाण्डेय मय हमराह शनिवार को अभियुक्त के घर अछिछी गांव में धारा 82 की नोटिस चस्पा पर डुगडुगी पिटवाई गई।

एसडीएम व एसीपी ने थाना दिवस पर सुनी फरियाद, पड़े 8 प्रार्थना पत्र

प्रखर वाराणसी। मिजार्मुराद थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस पर राजातालाब एसडीएम गिरीश चंद्र द्विवेदी, राजातालाब एसीपी अंजनी कुमार राय व नायब तहसीलदार सुलेखा वर्मा ने आए हुए फरियादियों की समस्या सुने।अधिकारियों के समझ भूमि विवाद सम्बंधित 8 प्रार्थना पत्र पड़े।एक भी समस्या का मौके पर समाधान नही हो सका।सम्बंधित कानूनगों व लेखपाल को निस्तारण हेतु निर्देश किया गया।इस दौरान मिजार्मुराद थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत, खजुरी चौकी प्रभारी रविकांत चौहान, एसआई राज कुमार चौहान, राजेश कुमार मौर्या, सुशील कुमार पांडेय, दिवान दिनेश यादव पत्रकार अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित' समेत कानूनगों संजय श्रीवास्तव, लेखपाल सुधीर त्रिपाठी, जयप्रकाश राय, व अशोक दूबे समेत अन्य राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

राष्ट्रवादी हिंदू महासभा का मनाया गया स्थापना दिवस

प्रखर वाराणसी। राष्ट्रवादी हिंदू महासभा के स्थापना दिवस पर पर संगठन प्रमुख विवेक पांडेय ने राष्ट्रवादी हिंदू महासभा के कार्यक्रम शिवपुर में श्री राम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर के व केक काटकर मनाया।इस दौरान वाराणसी जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार मिश्रा, अमित सिंह, मोहित शुक्ला, वाराणसी जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

ब्लाक प्रमुख राजगढ़ को उत्तर प्रदेश स्काउट गाइड संस्था ने बनाया आजीवन सदस्य

प्रखर मिजार्पुर। ब्लाक प्रमुख राजगढ़ गजेंद्र प्रताप सिंह को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड संस्था के प्रादेशिक मुख्यालय महानगर लखनऊ द्वारा स्काउट गाइड संस्था का आजीवन सदस्यता प्रदान की गई है विदित हो कि ब्लाक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह जनपद के मड़िहान स्थिति तिसूही के एस.एस.पी.पी.डी.पी.जी. कालेज के प्रबंधक भी है। गजेंद्र प्रताप सिंह को स्काउट गाइड संस्था का आजीवन सदस्य बनाए जाने पर समर्थकों एवं प्रशंसकों द्वारा आभार प्रकट करते हुए बधाई भी दी गई है।

षड़यंत्र के तहत नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म करने के अभियोग से सम्बंधित अभियुक्ता गिरफ्तार

प्रखर मिजार्पुर।थाना मडिहान पर 04.09.2022 को थाना मडिहान क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा नाबालिग पुत्री के घर से स्कूल जाने तथा देर शाम घर वापस न आने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । जिसके आधार पर थाना मडिहान पर मु0अ0सं0-168/2022 धारा 363 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई ।पुलिस अधीक्षक ह्यसंतोष कुमार मिश्राह्व द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपहृता की सकुशल बरामदगी करते हुए घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक मडिहान को निर्देश दिए गए । थाना मड़िहान पुलिस द्वारा अपहृता को बरामद कर थाना मड़िहान पर पंजीकृत मु0अ0सं0-168/2022 धारा 363,366,120बी भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट में विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए पूर्व में 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है । आज दिनांकः25.01.2023 को उ0नि0 अरूण कुमार सिंह मय पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त की विवेचना में प्रकाश में आयी अभियुक्ता मुन्नी देवी पत्नी रामनरायन कोल निवासिनी दरवान पचपेड़िया थाना राजगढ़ को गिरफ्तार किया गया । थाना मडिहान पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्ता के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया ।

संत शिरोमणि सुपन सुदर्शन महाराजा का 5313 वां जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। डोम समाज फाउंडेशन के तत्वाधान में संत शिरोमणि सुपन सुदर्शन महाराजा का 5313 वां जन्मोत्सव समारोह एवं कल्लू डोम महाराज का माल्यार्पण, सर्वेश्वर महादेव मंदिर बड़ी मलदहिया में मनाया गया साथ ही स्वस्थ , शिक्षा , महिलाओं के शिक्षा व सामाजिक एकता पर भी बल दिया गया इस कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों व आए हुए सभी अतिथियों का अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में अजय कुमार , कन्हैया लाल , रामसरन , टेकनाथ, रंजित ,भोला प्रसाद, राजू कुमार , कल्लू , मोहन लाल ,दिनेश ,लल्लू ,सुलताने, विजय चौधरी , कनिक लाला , सुजीत कुमार ,अनिल डोम व अन्य साथीगण उपस्थित रहे।

एटीएम निजामाबाद के नेतृत्व में समाधान दिवस का किया गया आयोजन

प्रखर गोसाई की बाजार/ आजमगढ़। उप जिला अधिकारी निजामाबाद कुंदन राज कपूर के उपस्थिति में गंभीरपुर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया है। थाना समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई हैं जिस पर उप जिला अधिकारी निजामाबाद और थानाध्यक्ष विजय प्रकाश मौर्य ने फरियादियों की शिकायतों को सुना और उसके निस्तारण का प्रयास किया। जिन शिकायतों का निस्तारण मौके पर नहीं हुआ है उनके निस्तारण के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया गया है। थाना समाधान दिवस के अवसर पर उप जिला अधिकारी ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा के अंदर कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस की शिकायतों में किसी कीमत पर लापरवाही और पक्षपात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।कुल 17 प्रार्थना पत्र पढ़े 2 का मौके पर निस्तारण किया गया बाकी के लिए टीमें गठित की गई और उन्हें रवाना किया गया।गंभीरपुर थाने में समाधान दिवस के अवसर पर पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को उप जिला अधिकारी निजामाबाद व थानाध्यक्ष ने सुनकर निस्तारण का निर्देश दिया समाधान दिवस के अवसर पर लेखपाल रामप्यारे यादव लेखपाल अटल कुमार राय लेखपाल अमर सिंह चकबंदी लेखपाल अरविंद यादव, बसंती राम, राधे श्याम, जय राम प्रजापति, रामाशंकर,जय राम प्रजापति, रामलाल,बृज किशोर,यादव उमेश यादव,दिलीप कुमार,शिव कुमार सिंह,आदि लोग उपस्थित थे।

जिले में राम भक्तों की तपस्या स्थली के लिए ,वैदिक विलेज की होगी स्थापना

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नई बाजार विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रामपंथ के पंथाचार्य डॉ राजीव गुरुजी ने अहरौरा में राष्ट्रीय परिषद सदस्य डॉ मुकेश श्रीवास्तव के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि अब दुनिया भगवान राम के रास्ते पर चलना चाहती है । इसलिए लोग भारत की ओर आकर रामभक्ति से जुड़ना चाहते है । रामपंथ आध्यात्मिक ऊर्जा और शांति की स्थापना के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण हेतु वैदिक विलेज की स्थापना करने की योजना पर कार्य कर रहा है । वैदिक विलेज के माध्यम से भारतीय सभ्यता संस्कृति के साथ मन्त्र के ज्ञान से विश्व को परिचित कराया जाएगा । इससे अदिवासी और वंचित समाज के लोगो को भी वैदिक शिक्षा से जोड़कर संस्कृति के प्रसार पर कार्य किया जाएगा । वैदिक विलेज में भगवान श्रीराम का मंदिर निर्मित होगा और रामभक्ति धारा में जो तपस्या करना चाहता है उसे वैदिक विलेज अनुकूल माहौल देगा । श्रीराम आश्रम के साथ ही देवालय ,विद्यालय ,भोजनालय एवम औषधालय जैसे चार स्तम्भ बनाया जाएगा । वेद ,संस्कृति,संस्कार,मन्त्र रामभक्ति का ऐसा संयक्त केंद्र होगा जो पूरी दुनिया को स्थायी शांति का प्रशिक्षण देगा । वैदिक विलेज के निदेशक पंडित दिव्येन्दु मुखर्जी ,विशाल भारत संस्थान के निदेशक ओमप्रकाश पांडेय , वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकी लाल श्रीवास्तव,डॉ मुकेश श्रीवास्तव, लवकुश चौरसिया, आशू पाण्डेय, प्रदीप केशरी,सोनल श्रीवास्तव, सौरभ आदि वार्ता में मौजूद थे ।

राष्ट्रवादी हिंदू महासभा का मनाया गया स्थापना दिवस

प्रखर वाराणसी। राष्ट्रवादी हिंदू महासभा के स्थापना दिवस पर पर संगठन प्रमुख विवेक पांडेय ने राष्ट्रवादी हिंदू महासभा के कार्यक्रम शिवपुर में श्री राम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर के व केक काटकर मनाया।इस दौरान वाराणसी जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार मिश्रा, अमित सिंह, मोहित शुक्ला, वाराणसी जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी उपस्थित रहे।

पिकअप की टक्कर से एक घायल, ट्रामा रेफर

प्रखर खानपुर गाजीपुर। थानाक्षेत्र के अमेदा मे पिकअप की टक्कर से मोटरसाईकिल सवार घायल हो गया।घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस के मदद से सैदपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भेजवाया गया। जहा उसकी हालत गंभीर होने के कारण ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जनपद के मेहनाजपुर थानाक्षेत्र के महुवापार गांव निवासी सहाबुद्दीन पुत्र समसुद्दीन खानपुर क्षेत्र के सिधौना मे अपनी बहन के घर जा रहे थे की जैसे ही वह अमेदा पहुचे की सामने से जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी, वही टक्कर लगते ही मोटरसाईकिल सवार अनियंत्रित होकर गिर पड़ा तभी पीछे से आ तेज रफ्तार ट्रक की चपेट मे आ गया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। वही घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सुचना देते हुए घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस की मदद से सैदपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भेजवाया जहा उसकी हालत गंभीर देखते हुए वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

सेप्टेज पॉलिसी एवं यूज्ड वाटर मैनेजमेंट को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रखर मिजार्पुर। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केंद्र, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य सेप्टेज पॉलिसी एवं यूज्ड वॉटर मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जनपद मिजार्पुर, उत्तर प्रदेश में 24 फरवरी, 2023 को किया गया। इस एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन केंद्र के अपर निदेशक इंजीनियर, ए०के० गुप्ता द्वारा (वर्चुअली) माध्यम से किया गया। कार्यशाला का संचालन केंद्र के उप निदेशक एवं कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ० राजीव नारायण द्वारा किया गया। इस उद्घाटन सत्र में कंसलटेंट श्री एस०डी० सिंह उपस्थित रहे।कार्यशाला में जनपद के सभी नगरीय निकायों के वरिष्ठ अधिकारी, एंगिनीर्स, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, डिस्टिक कोऑर्डिनेटर, विभिन्न निकायों के अन्य अधिकारी सहित जलनिगम के इंजीनियर उपस्थित रहे। कार्यशाला में कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ राजीव नारायण ने एसबीएम 2.0 अर्बन के बारे में विस्तार से बताया तथा श्री एस०डी० सिंह ने फीकल स्लज एवं सेप्टेज मैनेजमेंट के बारे में उपयोगी जानकारी साझा की इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता,राजपति वैश्य,नवनीत सिंह,जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजय सिंह,हिमांशू केसरवानी, जलकल अभियंता सुधीर वर्मा,नगर अभियंता जटा शंकर, अभियंता बिपिन मिश्रा, सुनील मौर्य, सुमित कुमार,प्रभारी मुख्य सफाई निरीक्षक मनोज सेठ, सफाई निरीक्षक नंदकिशोर शर्मा, सफाई निरीक्षक संकल्प पाण्डे मकसूदन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आग लगने से चार मवेशियों में तीन जख्मी, एक की मौत

प्रखर गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम हासपाटी में गुरुवार की रात छप्पर में आग लगने के कारण कुल चार मवेशियों में तीन बुरी तरह झुलस गयी और एक की मौत हो गयी। गृह स्वामिनी ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। थाना क्षेत्र के ग्राम हासपाटी निवासी यशवंता देवी पत्नी शिवकुमार ने पुलिस को बताया है कि-बीते गुरुवार की रात छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण हमारी चार मवेशियों में तीन बुरी तरह झुलस गई और एक ने दम तोड़ दिया । मरी हुई मवेशी की कीमत बाजार में 90 हजार रुपए बताई जा रही है। उक्त- संदर्भ में चौकी प्रभारी विनय कुमार सिंह ने कहा कि- घटना की जांच की जा रही है।

निजी चिकित्सक ने टीबी से ग्रसित 15 रोगियों को दी पोषण पोटली

प्रखर पिंडरा वाराणसी। टी बी रोग उन्मूलन के लिए जन भागीदारी अभियान व प्रधानमंत्री क्षय पोषण योजना तहत फूलपुर में शनिवार को 15 क्षय रोगियों को निशुल्क पोषण पोटली वितरित किया गया।

फूलपुर स्थित वर्षा नेत्रालय के प्रांगण में जिला क्षयरोग नियंत्रण के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के तहत पिंडरा ब्लॉक के 15 महिला पुरुष टीबी रोग से ग्रसित रोगियों को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निजी चिकित्सक डॉ वीरेंद्र विश्वकर्मा के सहयोग से पोषण पोटली का वितरण किया गया। इस दौरान वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक जगदीश नारायण सिंह ने कहाकि इन्हें लगातार 6 माह तक पोषण पोटली व दवा का वितरण इस चिकित्सालय द्वारा जनभागीदारी अभियान के तहत निःशुल्क मिलेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी (वर्ड विजन) सतीश सिंह ने टीबी आरोग्य साथी डाऊनलोड करने की अपील की। टीबी चैंपियन ज्योति सिंह ने कहाकि सजगता और उपचार ही टीबी को खत्म कर सकता है। इस दौरान जिला टीबी रोग विभाग से जुड़े सुजीत वर्मा ने बताया कि पिंडरा ब्लॉक में 350 रोगियों में से 50 टीबी रोगियों को विभिन्न समाजसेवी लोगों ने गोद लिया है। उसी क्रम डॉ वीरेंद्र विश्वकर्मा द्वारा 15 रोगियों को गोद लिया गया। संचालन महेंद्र विश्वकर्मा व धन्यवाद धर्मेंद्र विश्वकर्मा ने दिया।

चोरी के सबमर्सिबल के साथ गिरफ्तार

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सिंधोरा पुलिस ने एक दिन पूर्व चोरी हुए समरसेबल पम्प को वादी की सूचना पर युवक को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सिंधोरा पुलिस ने वादी की सूचना पर एक दिन पूर्व चोरी गये सबमर्सिबल के साथ अभियुक्त गिल्लिर पटेल पुत्र श्याम नरायन पटेल निवासी ग्राम छतांव थाना सिंधोरा को ग्राम दिनदासपुर से उस समय गिरफ्तार किया गया जब उसे कही बेचने जा रहा था। पुलिस ने वादी की तहरीर पर धारा 457, 380, 411 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

किरदार ऐसा निभाएं कि पर्दा गिरने के बाद भी तालियां बजती रहें

प्रखर गोरखपुर। नागरिक सुरक्षा गोरखनाथ प्रखंड की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित मासिक बैठक में चीफ वार्डन डा. संजीव गुलाटी, डिप्टी चीफ वार्डेन डा.शरद श्रीवास्तव, सहायक उप नियंत्रक नीरज श्रीवास्तव, डिविजनल वार्डेन विकास जालान एवं घटना नियंत्रण अधिकारी अतुल मित्तल को माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर चीफ वार्डन डा. संजीव गुलाटी ने कहा कि जाड़ा, गर्मी, बरसात एवं विषम परिस्थितियों में निस्वार्थ भाव से ड्यूटी करने वाले सभी वार्डनों को मै हृदय से बधाई देता हूं जिनके कठिन परिश्रम को माननीय मुख्यमंत्री ने भी सराहा और इसी की देन है कि माननीय मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 75 जनपदों में नागरिक सुरक्षा सेवा शुरू की जाने की घोषणा की है। उप नियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि जीवन में हम हर ऋण तो उतार देते हैं लेकिन समाज और राष्ट्र के ऋण को उतारने का सबसे अच्छा माध्यम नागरिक सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि शहर के सभी होटल माल्स में आपदा से बचाव का अभ्यास एवं ब्लैक आउट एवं हवाई हमले से बचाव पर भव्य प्रदर्शन कराए जाने की भी योजना है। डिप्टी चीफ वार्डन डा. शरद श्रीवास्तव ने कहा जिंदगी में किरदार ऐसा निभाएं कि पर्दा गिरने के बाद भी तालियां बजती रहें। किरदार निभाने के लिए नागरिक सुरक्षा से बेहतर कोई प्लेटफार्म नहीं है। सहायक उप नियंत्रक वेद प्रकाश यादव ने कहा कि शासन की निर्देश पर आगामी दिनों में नागरिक सुरक्षा के वार्डन गो संरक्षण एवं समर्थन के दिशा मे भी सक्रिय रूप से कार्य करेंगे, इसकी कार्य योजना बनाई जा रही है। बैठक को सहायक उप नियंत्रक नीरज श्रीवास्तव, रेकी अधिकारी डा. आशीष श्रीवास्तव, डिविजनल वार्डन नैय्यर आलम सिद्दीकी, डिप्टी डिविजनल वार्डन मनौव्वर सुल्ताना, ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन करते हुए डिविजनल वार्डन राजेश चौधरी ने कहा कि प्रत्येक पोस्ट में नियमित मासिक बैठक का आयोजन होना चाहिए, उन्होंने होलिका दहन एवं होली के दिन वार्डन ड्यूटी, भारतीय प्रशिक्षण एवं नवीनीकरण, गो वंश संवर्धन एवं संरक्षण आदि विषयों पर भी चर्चा किया। डिप्टी डिविजनल वार्डन डा. उमेश चंद्र श्रीवास्तव ने आए हुए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में स्टाफ ऑफीसर आशुतोष द्विवेदी, डॉ विजय श्रीवास्तव, घटना नियंत्रण अधिकारी वृंदावन शर्मा, शैलेश सिंह, पोस्ट वार्डन आरक्षित डा. अमरनाथ जायसवाल, पोस्ट वार्डन सुभाष मणि त्रिपाठी, अरुण शर्मा, संजय चौधरी, मनीष सिंहा, डिप्टी पोस्ट वार्डन शाहनवाज खान, अभिषेक कुमार, राम प्रताप, खूशबू, गौरी, समेत अनेक वार्डन उपस्थित रहें।

तकनीकी ज्ञान के वगैर छात्रों को बौद्धिक ज्ञान संभव नहीं है- प्राचार्या डा0 शशिकांत

प्रखर गोरखपुर। तकनीकी ज्ञान के वगैर छात्रों में बौद्धिक विकास संभव नहीं है। छात्र-छात्राएं टैबलेट और स्मार्टफोन के प्रयोग से शैक्षिक क्षेत्र से लेकर सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त बातें -प्यारी देवी राजित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शशिकांत मणि त्रिपाठी ने कही। वह शनिवार को महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के टेबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण समारोह के बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज सरकार युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन प्रदान कर निश्चित तौर पर उनको तकनीकी रूप से सशक्त बना रही है। मेधावी छात्रों के लिए स्मार्टफोन उनकी शिक्षा व ज्ञान वर्धन में मील का पत्थर साबित होगा । छात्र यदि लक्ष्य बनाकर शिक्षा हासिल करने में लगा जाए, तो निश्चित तौर पर एक दिन वह अपना मुकाम हासिल कर सकता है और उसे कोई नहीं रोक सकता है। सभा सभा संचालन कर रहे डॉ शैलेंश कुमार पांडे ने कहा कि- ग्रेजुएशन करने वाले सभी छात्र बालिग होते हैं, यदि अपनी पढ़ाई जैसी जिम्मेदारियों का सही निर्वहन करेंगे।

जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति पदाधिकारियों संग हुई बैठक

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। नगर निगम वाराणसी मुख्यालय पर अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार के अध्यक्षता में जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर फेरी पटरी ठेला व्यवसाय समिति पदाधिकारियों संग बैठक संपन्न हुई जिसमें स्ट्रीट वेंडरों की विभिन्न मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई निर्धारित किए गए वेंडिंग जोन में सर्वेक्षित व सत्यापित वेंडरो को व्यवस्थित व्यवसाय करने व अन्य स्थलों को नॉन वेंडिंग जोन घोषित करने प्रत्येक स्ट्रीट वेंडर अपने रेहड़ी पटरी पर जी- 20 का लोगो लगाकर व डस्टबिन रखकर संदेशवाहक की भूमिका निभाने का कार्य करें जिसमें प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन का सहयोग करते हुए रेहड़ी पटरी व्यवसायी एक मिसाल पेश कर सकें फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति सचिव अभिषेक निगम जी ने कहा है कि वर्तमान समय में होली का त्यौहार का ध्यान रखते हुए तत्काल प्रभाव से स्ट्रीट वेंडर की आजीविका प्रभावित न हो जिसके लिए अतिक्रमण दस्ता अभियान पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए नगर निगम वाराणसी सीमा क्षेत्र विस्तारीकरण अधिक से अधिक वेंडिंग जोन चिन्हित कर विरासत बाजार, सप्ताहिक बाजार व स्ट्रीट फूड हब की स्थापना की जाए जैसे गंभीर मुद्दे पर सहमति जताते हुए कहा है कि जल्द से जल्द जिला प्रशासन समन्वय स्थापित कर सभी मुद्दे पर गंभीरता पूर्वक कार्य करेगा बैठक में मुख्य रूप से राजेंद्र प्रसाद सिंह 'महादेव', हरिशंकर सिन्हा, अभिषेक निगम, गणेश यादव, मनोज जयसवाल, प्रदीप कुमार, फिरोज अहमद, मनोज कुमार गुप्ता, रोहित श्रीवास्तव, प्रीति चौधरी, मोहित श्रीवास्तव उपस्थित थे।

पुलिस मुठभेड़ में इनामिया बदमाश को लगी गोली, 6 तस्कर गिरफ्तार

सर्विलांस सेल के इनपुट पर हत्थे आया तस्कर, गोवंश समेत ट्रक, ब्रेजा कार, बंदूक और मोबाईल बरामद

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। सर्विलांस सेल से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में 6 अंतर्जनपदीय गोतस्कर को सुम्बुलपुर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया । मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी गोली में एक बदमाश घायल हो गया । पुलिस को निशाना बनाकर झोंकी गई फायर एसओ की बुलेट प्रूफ जैकेट को भेद नही सकी । घायल बदमाश 25 हजार का इनामिया है । तस्करों से गोवंश समेत ट्रक, ब्रेजा कार और कई मोबाइल बरामद किया है । शुक्रवार की मध्य रात्रि एसओ यजुर्वेन्द्र सिंह और शाहगंज एसएचओ सदानन्द रॉय मय हमराह आजाद नहर पर अपराध के खिलाफ चल रहे अभियान के बाबत आपस मे मंत्रणा कर रहे थे । इसी दौरान स्वाट व सर्विलांस टीम से सूचना मिली कि जौनपुर से गोतस्कर ट्रक में गोवंश को लादकर खेतासराय की तरफ बढ़ रहे है । साथ मे आगे आगे एक ब्रेजा कार भी चल रही है । सूचना पर ऐक्शन में आई पुलिस टीम ने सुम्बुलपुर मोड़ पर दोनों वाहनों को रोकने का प्रयास किया तो तस्करों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया । बदमाश की गोली एसओ यजुर्वेन्द्र सिंह की बुलेट प्रूफ जैकेट को भेद नहीं सकी । पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगने से जमीन पर गिर पड़ा। अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर छिप गए । पुलिस ने घेरा बंदी कर भोर में पाँच अन्य साथी को धर दबोचा। उनके पास से एक तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस व खोखा और पाँच मोबाइल बरामद हुआ। घायल बदमाश की पहचान आसिफ पुत्र शौकत निवासी हँसनाडीह थाना अहिरौला आजमगढ़ के रूप में हुई । उस पर स्थानीय थाना समेत प्रतापगढ़ और आजमगढ़ जनपद में आधा दर्जन से अधिक संगीन मामले दर्ज है। अन्य पकड़े गए तस्कर इकबाल अहमद पुत्र कासिम अंसारी निवासी बारीखुर्द, थाना आसपुर देवसरा, प्रतापगढ़। रईस पुत्र स्व इम्तियाज निवासी कौरा गहनी, थाना सरायमीर, आजमगढ़। नौशाद पुत्र मुन्नू अहमद निवासी सोफीपुर, थाना देवगांव, आजमगढ़। मो दानिश पुत्र नुरनैन, मो बेलाल पुत्र अनवर निवासी नसीरपुर, थाना बिलरियागंज, आजमगढ़ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेजा गया । मुठभेड़ में शामिल पुलिस टीम में एसओ यजुर्वेन्द्र सिंह, एसएचओ शाहगंज सदानन्द रॉय, सर्विलांस व स्वाट प्रभारी राम जनम यादव समेत सभी हमराह मौजूद रहे।

दो सप्ताह में शाहगंज सर्किल में तीन मुठभेड़- खेतासराय (जौनपुर) पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के आमद के बाद पुलिस नए ऐक्शन में है । शाहगंज सर्किल में लगभग दो सप्ताह के अंतराल में तीन थाना क्षेत्रों में तस्करों और पुलिस टीम के बीच भिड़ंत हुई । जिसमे पहली 13 फरवरी को खुटहन एसएचओ राजेश कुमार यादव ने गाभिरन, 21 फरवरी को शाहगंज एसएचओ सदानन्द रॉय ने अरंद में जबकि खेतासराय में 25 को संयोग से तीनों मुठभेड़ मध्य रात्रि को अगल बगल के संयुक्त पुलिस टीम द्वारा हुआ । एएसपी सिटी डॉ संजय कुमार ने कहा कि खेतासराय में एनकाउंटर में गिरफ्तार बदमाश अंतर्जनपदीय तस्कर है । वे पुर्वांचल में गो तस्करी की घटना में लिप्त है ।

मौत से दो-दो हाथ कर लौटे तमिल सुपरस्टार विशाल

चेन्नई। तमिल फिल्मों के एक्टर और प्रोड्यूसर विशाल कृष्ण हाल ही में मौत के मुंह से बचकर लौटे हैं। सुपरस्टार ने अपनी आगामी फिल्म 'मार्क एंटनी' की शूटिंग के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर मौत से हुए सामने का खुलासा अपने फैंस के साथ किया। विशाल द्वारा साझा किया गया यह खौफनाक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। रेड्डी के वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि फिल्म के सेट पर अभिनेता के साथ एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया है। फैंस के साथ वीडियो साझा करते हुए विशाल ने लिखा, 'कुछ सेकंड और कुछ इंच से ही भगवान ने मेरी जान बचा ली। भगवान का बहुत-बहुत धन्यवाद। इस घटना से मैं स्तब्ध हूं और अब वापस अपने पैरों पर और शूट पर लौट आया हूं।' इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है।

लाइफ Style

आलिया क्यों पीछे हटी?

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने हाल ही में एक पोस्ट शेयर किया था। इसमें उन्होंने उन लोगों पर जमकर गुस्सा निकाला, जो सितारों की प्राइवेसी का मजाक उड़ाते हैं। दरअसल, हुआ यह था कि आलिया भट्ट अपने घर के लिविंग एरिया में बैठी हुई थीं, तभी पैपराजी ने उनकी तस्वीरें क्लिक कीं। आलिया भट्ट ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात पर गुस्सा जाहिर किया। एक्ट्रेस ने साथ ही मुंबई पुलिस को भी पोस्ट में टैग किया था। अब मामले में मुंबई पुलिस ने उनसे कॉन्टेक्ट किया है।

मुंबई। इस मामले में आलिया भट्ट ने कोई औपचारिक शिकायत नहीं कराई है। एक अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी है। बता दें कि आलिया भट्ट ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा कर उस फोटोग्राफर की जमकर क्लास लगाई जिसने उनकी तस्वीरें बिना इजाजत क्लिक कीं। पोस्ट में आलिया ने पुलिस को टैग किया था। एक अधिकारी के मुताबिक खार पुलिस स्टेशन ने एक्ट्रेस से संपर्क किया। लेकिन, उन्होंने कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। बता दें कि आलिया मां बनने के बाद से अपना ज्यादातर वक्त घर पर अपनी बेटी राहा के साथ बिता रही हैं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में जब उनकी तस्वीरें सामने आई तो वह काफी नाराज हुईं। यह तस्वीरें एक न्यूज पोर्टल ने प्रकाशित की थीं। आलिया ने सोशल मीडिया पर तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, 'क्या आप मुझसे मजाक कर रहे हैं। यह हमेशा की तरह ही एक नॉर्मल दोपहर थी, जब मैं अपने घर के लिविंग एरिया में थी, तभी ऐसा लगा कि मुझे कोई देख रहा है..जैसे ही मैंने ऊपर देखा, दो आदमी मेरे घर के पड़ोस वाली बिल्डिंग पर कैमरा लिए खड़े थे। क्या ऐसा करना सही है क्या किसी को ऐसा करने की इजाजत मिल सकती है? क्या ये किसी की प्राइवेसी का हनन नहीं है? आपके और हमारे बीच में एक लाइन थी जो आज आपने क्रॉस कर दी है।'

हॉलीवुड मसाला

16 साल रहना होगा सलाखों के पीछे

न्यूयार्क। अमेरिकी फिल्म निर्माता हार्वे वाइंस्टीन को बलात्कार और यौन उत्पीड़न के तीन मामलों में दोषी ठहराते हुए लॉस एंजिल्स में हुई जांच के लगभग दो महीने बाद गुरुवार की सुबह 16 साल की सजा सुनाई गई है। हार्वे वाइंस्टीन पर तकरीबन एक दशक पहले एक महिला ने यौन उत्पीड़न का दोषी ठहराया था, जिसमें महिला पक्ष के वकीलों ने कहा था कि हॉलीवुड के पावर प्लेयर यानी हार्वे ने युवा अभिनेत्रियों के साथ कई बार ऐसा किया है। साल 2020 के आपराधिक मुकदमे में दिसंबर में हुई सुनवाई के बाद हार्वे वाइंस्टीन को बलात्कार और यौन उत्पीड़न के दोषी पाए गया था।

लियाम नीसन को अफसोस- बन ना सके जेम्स बॉन्ड

लॉस एंजेलिस। मशहूर एक्टर लियाम नीसन ने जेम्स बॉन्ड का रोल निभाने को लेकर एक दिलचस्प खुलासा किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया है कि वह बड़े पर्दे पर जेम्स बॉन्ड जैसा आइकॉनिक रोल निभाने के बहुत करीब पहुंच गए थे, लेकिन निजी जिंदगी की दिक्कत की वजह से उन्हें यह रोल ठुकराना पड़ा था।एक इंटरव्यू के दौरान लियाम ने बताया कि अपनी पत्नी की वजह से उन्होंने जेम्स बॉन्ड का किरदार निभाने से इनकार कर दिया था। एक्टर ने कहा कि उनकी पत्नी नताशा रिचर्डसन ने उन्हें धमकी दी थी कि इस ऑफर को स्वीकार करने पर वह उन्हें छोड़ देंगी। लियाम नीसन ने खुलासा किया कि 90 के दशक के दौरान कई बार निर्माता बारबरा ब्रोकोली ने जेम्स बॉन्ड के रोल के लिए उनसे संपर्क किया गया था।



सुपरहीरो फिल्म में काम करना चाहते हैं सिद्धार्थ

मुंबई। अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों कियारा आडवाणी के साथ अपनी शादी की वजह से सुर्खियों में हैं। 7 फरवरी 2023 को दोनों ने भव्य अंदाज में शादी रचाई। सिद्धार्थ मल्होत्रा अपनी निजी जिंदगी के बारे में कम ही बात करना पसंद करते हैं। इसके अलावा वह तमाम मुद्दों पर खुलकर अपने विचार रखते हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान एक बार फिर उनका यही अंदाज देखने को मिला। एक्टर ने अपने करियर और स्टारडम को लेकर काफी दिलचस्प बात की। सिद्धार्थ मल्होत्रा का कहना है कि इंडस्ट्री में करीब एक दशक बिताने के बाद आज भी वह काफी नर्वस हो जाते हैं। हालांकि, इतने वर्षों में उन्हें लाइमलाइट की आदत जरूर हो गई है। सिद्धार्थ ने आगे कहा कि वह फेम को अपने सिर पर नहीं चढ़ने देते हैं, बल्कि ऐसे प्रोफेशन में आकर वह खुद को खुशकिस्मत समझते हैं, जहां उन्हें इतना प्यार और बेहतर काम करने के लिए मोटिवेशन मिलता है।सिद्धार्थ मल्होत्रा ने आगे कहा कि एक दिल्ली के लड़के के रूप में उन्होंने हमेशा एक एक्टर बनने का सपना देखा और यह आखिर सच भी हो गया।

बैंकॉक की सड़कों पर अकेले मस्ती करती दिखीं अनुष्का

बैंकाक। बॉलीवुड सितारों की लग्जरी लाइफ फैंस को हमेशा से ही काफी आकर्षित करती आई है। यही एक कारण है जो फैंस को उनके करीब रखती है। हर कोई अपने चहेते एक्टर और एक्ट्रेस की पल-पल के खबरों के बारे में जानना चाहता है। ऐसा ही कुछ हाल ही में हुआ, जब अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने अपने सोशल मीडिया से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन्हें फैंस द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। अभिनेत्री अनुष्का शर्मा इन दिनों बैंकॉक में छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने अपनी कुछ तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर शेयर की है। इसमें देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस बैंकॉक की सड़कों पर घूमती हुई सेल्फी ले रही हैं। अनुष्का ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'बैंकॉक की इस ट्रिप में कुछ खास नहीं किया..इसलिए बैंकॉक की सबसे फेमस चीजों में से एक ट्रैफिक के साथ मेरी सेल्फी है'। फैंस ने अनुष्का की इन तस्वीरों पर खूब प्यार बरसाया है और साथ ही कुछ मजेदार कमेंट भी किए है। एक फैन ने फोटो पर कमेंट करते हुए लिखा, 'यह जिंगल-जिंगल मेमोरी ऑफ बादशाह कंपनी है'।

टीवी मसाला

आखिर बरखा का दिल आया किस पर

मुंबई। छोटे पर्दे की बेस्ट कपल्स की लिस्ट में शिमार बरखा सेनगुप्ता और इंद्रनील सेनगुप्ता को जोड़ी को फैंस काफी पसंद करते थे। दोनों की केमिस्ट्री को काफी पसंद किया जाता था। दोनों की मुलाकात 'प्यार के दो नामः एक राधा, एक श्याम' के सेट पर हुई और 2008 में उन्होंने शादी कर ली। लेकिन 2021 से वे साथ नहीं हैं। शादी के 13 साल बाद कपल ने अपने रास्ते अलग कर लिए हैं, लेकिन अभी तक तलाक नहीं लिया है। वहीं, अब बरखा के अफेयर की खबरें सामने आ रही हैं।

रिपोर्ट्स की मानें तो बरखा सेनगुप्ता को फिर से प्यार हो गया है। कहा जा रहा है कि 43 साल की एक्ट्रेस को एक्टर और प्रोड्यूसर आशीष शर्मा से प्यार हुआ है। दोनों कुछ समय से एक दूसरे को डेट भी कर रहे हैं। हाल ही में एक्ट्रेस को आशीष की बर्थडे पार्टी में उनके घर पर स्पॉट किया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों ने साथ में डांस और पार्टी की। हालांकि आशीष या बरखा किसी ने भी इन खबरों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है।

पारस को मिला बड़ा मौका

मुंबई। छोटे पर्दे के मशहूर कलाकार पारस कलनावत कुछ समय पहले सुर्खियों में छाए हुए थे। पारस को रातों रात अनुपमा शो से बाहर निकाल दिया गया था, जिसके बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने तेजी से रिएक्ट किया और अभिनेता के सपोर्ट में आ गए। रिपोर्ट्स की मानें तो पारस कलनावत जल्द ही कुंडली भाग्य में बतौर लीड नजर आएंगे। दरअसल, शो में लीप आएगा और उसके बाद कई नए किरदारों की एंट्री होगी। पहले शो में लीड एक्ट्रेस के लिए देबत्तमा साहा, सुंबुल तौकीर और सृष्टि जैन का नाम सामने आ रहा था, तो लीड एक्टर के लिए अनुपमा फेम पारस कलनावत और हर्ष राजपूत का नाम लिया जा रहा है। ऐसे में फैंस को जल्द ही पारस एक नए अवतार में देखने को मिल सकते हैं। बता दें कि अनुपमा से निकाले जाने के चलते पारस कलनावत काफी समय तक सुर्खियों में थे। उस दौरान अभिनेता ने कहा था वह शो में मिल रहे स्क्रीन स्पेस से खुश नहीं थे। ऐसे में जब उन्हें झलक दिखला जा का ऑफर मिला तो उन्होंने उसे हां कह दिया।



क्या 'शहजादा' की रोती 'सेल्फी' ले पाएंगे अक्षय

मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर साल की शुरुआत से पठान का बोलबाला देखने को मिला था। लेकिन अब शाहरुख खान की फिल्म की कमाई भी कम होती जा रही है। वहीं, बीते शुक्रवार को रिलीज हुई शहजादा और एंटमन....ने भी सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। हालांकि, दोनों का पत्ता ही बॉक्स ऑफिस से साफ होता नजर आ रहा है। ऐसे में इन फिल्मों को टक्कर देने आज अक्षय कुमार की सेल्फी भी रिलीज हो रही है। तो चलिए जानते हैं कि गुरुवार को बॉक्स ऑफिस पर किस फिल्म का बोलबाला रहा...

किंग खान की फिल्म पठान का बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफर जारी है। फिल्म को रिलीज हुए 30 दिन हो गए हैं और यह अभी भी अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। ऐसे में अब 30वें दिन के आंकड़े भी सामने आ गए हैं। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म ने गुरुवार को एक करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। ऐसे में अब इसकी कुल कमाई 520.14 करोड़ रुपये हो गई है। कार्तिक आर्यन और कृति सेनन की फिल्म शहजादा ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक शुरुआत की थी, लेकिन दूसरे दिन से ही इसकी कमाई भी सुस्त पड़ गई थी। सामने आए शुरुआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म ने 7वें दिन 1.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। ऐसे में फिल्म का कुल कलेक्शन 27.40 करोड़ रुपये हो गया है।

बॉलीवुड के ये सितारे रातों रात हो गए थे फिल्मों से बाहर

मुंबई। कार्तिक आर्यन की फिल्म शहजादा रिलीज हो चुकी है। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला है। इसके खराब प्रदर्शन के चलते अभिनेता को काफी नुकसान झेलना पड़ा है। बताया जा रहा है कि शहजादा के फ्लॉप होने की वजह से हेरा फेरी 3 से उनका पत्ता अब साफ हो चुका है। कार्तिक ही नहीं बॉलीवुड में कई ऐसे सितारे भी हैं जिनको अचानक फिल्मों से रिप्लेस किया जा चुका है।

करीना कपूर

करीना कपूर खान बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत और टैलेंटेड अभिनेत्रियों में से एक हैं। कई सुपरहिट फिल्मों काम कर चुकी करीना रिफ्यूजी से नहीं बल्कि कहो ना प्यार है से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली थीं, लेकिन ऐसा हो न सका। बताया जाता है कि करीना ने फिल्म के कुछ सीन शूट भी कर लिए थे लेकिन उन्हें बाद में इस प्रोजेक्ट से हटा दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक करीना की मां बबीता के हद से ज्यादा शूटिंग में इन्वॉल्मेंट की वजह से राकेश रोशन को यह फैसला लेना पड़ा था।

ऐश्वर्या राय

चलते-चलते शाहरुख खान की सुपरहिट फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में किंग खान और रानी मुखर्जी की जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी। आपको जानकर हैरानी होगी कि इससे पहले यह रोल ऐश्वर्या राय निभाने वाली थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन दिनों ऐश्वर्या का सलमान खान के साथ ब्रेकअप हुआ था, जिससे वह उबर नहीं सकी थी। आगे चलकर यही उनके फिल्म में न काम करने की वजहों में से एक बनी थी।

रणबीर कपूर

रणबीर कपूर की गिनती बॉलीवुड के बड़े सितारों में होती है। अब तक वह कई सुपरहिट फिल्मों में अपने एक्टिंग का जादू दिखा चुके हैं। वह भी अचानक एक फिल्म से रातोंरात बाहर हो चुके हैं। इस फिल्म का नाम जोधा अकबर है। हालांकि रणबीर फिल्म से अलग क्यों हुए इसका खुलासा नहीं हो सका।

सुशांत सिंह राजपूत

सुशांत सिंह राजपूत ने बहुत कम समय में लोगों के दिलों में खास जगह बना ली थी। अभिनेता आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन फैंस के दिलों में वह आज भी जिंदा हैं। कई शानदार फिल्मों में काम कर चुके सुशांत को भी अचानक एक फिल्म से रिप्लेस कर दिया गया था। मोहित सूरी की फिल्म हॉफ गर्लफ्रेंड में पहले सुशांत काम करने वाले थे, लेकिन बाद में यह फिल्म अर्जुन कपूर के पास चली गई। सुशांत के निधन के बाद फिल्म के लेखक चेतन भगत का पुराना ट्वीट काफी वायरल हुआ था।

आज पुण्यतिथि-गीतकार शम्शुल होदा बिहारी ने ओपी नैयर के साथ मिल कर कई सुपरहिट गीत दिए

बिहारी के गीत हमेशा सुपरहिट रहे लेकिन मजरूह-साहिर जैसा दर्जा न मिल सका

मुंबई। हिंदी पिल्म जगत में एसएच बिहारी एक ऐसे गीतकार रहे हैं, जिनके लिखे सभी गीत सुपर-डुपर हिट रहे लेकिन उन्हें कभी साहिर-मजरूह जैसा दर्जा न मिल पाया। निजी जिंदगी में भी बिहारी ने कई दुख झेले। उनकी आंखों के सामने बारी बारी से दो जवान बेटे और एक बेटी चल बसे। इन सबके बावजूद हर गम को भुलाकर बिहारी ने फिल्मी दुनिया को एक से बढ़ कर एक नग्मे दिए।

शमशुल हुदा बिहारी की पहचान एसएच बिहारी के तौर पर हुई। उन का जन्म 1922 में बिहार के आरा जिले में हुआ था। उन्होंने साल 1960 के दशक में संगीतकार ओपी नैयर से लेकर 1990 में लक्ष्मीकांत प्यारेलाल तक तमाम संगीतकारों के साथ

मिलकर सैंकड़ों यादगार गीत दिए।

बिहारी की पढ़ाई कोलकाता में हुई थी जहाँ उन्होंने प्रेसीडेंसी कॉलेज में बीए की डिग्री हासिल की थी। वहां उन्होंने बंगाली भी सीखी थी और पहले से ही हिंदी और उर्दू का ज्ञान तो उन्हें था। उन्हें फुटबॉल खेलने का काफी ज्यादा शौक था और उनका चयन मोहन बगान टीम में भी किया गया था। साल 1947 यानी की आज़ादी के समय ही मुंबई जाने का फैसला लिया था जहाँ उनके भाई भी रहते थे हालांकि मुंबई का सफ़र उनका आसन नहीं रहा। काफी मशक्कत के बाद उन्हें मुंबई में काम करने का मौका मिला था। 1950 में आई फिल्म 'दिलरूबा' में उन्होंने अपना पहला गीत लिखा। इस फिल्म में उन्होंने 'हटो-हटो जी आते हैं हम' गीत दिया था। यहां से उनके फिल्मी करिअर का आगाज तो हुआ लेकिन उनको पहचान इस गीत ने नहीं दिलाई। इसके बाद 'बेदर्दी', 'खूबसूरत', 'निशान डंका' और 1953 में 'रंगीला' में भी इन्होंने इक्का–दुक्का गीत लिखें जो लोगों की जुबां पर छाने में नाकाम रहे। 1954 में आई फिल्म शर्त ने उन्हें पहचान दी। इस फिल्म का इन ये चांद होगा न तारे रहेंगे, मगर हम हमेशा तुम्हारे रहेंगेइ गीत अक्सर हमारी जुबान पर रहता हैं। शम्शुल हुदा बिहारी ने 60 और 70 के दशक में के बीच लिखे गीत हरेक की जुबान पर होते थे। 60 के दशक में उनकी मुलाकात ओपी नैयर हुई। इसी दौरान इये चांद सा रोशन चेहरा, जुल्फों का रंग सुनहराइ, इकजरा मुहब्बत वाला, अंखियों में ऐसा डालाइ जैसे कई बेहतरीन गीतों के जरिए वे फिल्म जगत में छा गए। इसके अलावा उन्होंने इजरा हौले-हौले चलो मेरे साजनाइ, इआओ हुजूर तुमको सितारों में ले चलूंइ, इआ, आ गले लग जाइ जैसे गीतों को लिखा। उन्होंने जीवन में कई दुख देखे।

दो जवान बेटे और एक बेटी की मौत से टूट गए थे एसएच बिहारी

अपने बच्चों की मौत से वह बेहद टूट गए थे। फिर ओपी नैयर का दौर भी खत्म हो रहा था। ऐसे में एचएस बिहारी करीब दशक भर तक खामोश रहे। इसके बाद केसी बोकाड़िया ने उनसे अपनी फिल्म प्यार झुकता नहीं के गीत लिखवाए और फिल्म के साथ-साथ इसके गीत भी सुपर हिट रहे। इस दौरान बिहारी कई फिल्मों में गीत लिख रहे थे। फिर एक बार उनका करियर परवान चढ़ रहा था कि अचानक 25 फरवरी 1987 को बिहारी इस दुनिया से रुखसत हो गए।

रक्षा जानकारी देने वाला अधिकारी गिरफ्तार

बालासोर, (एजेंसी)। ओडिशा के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में कार्यरत वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी को पुलिस ने स्थापना गतिविधियों के बारे में गोपनीय जानकारी विदेशी एजेंट को देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिरीक्षक (पूर्वी रेंज) हिमांशु लाल ने बताया कि यह हनी ट्रैप का मामला है और आरोपी ने पाकिस्तान में रावलपिंडी स्थित विदेशी एजेंट को मिसाइल परीक्षणों की संवेदनशील रक्षा जानकारी को भेजा और साझा किया है। आईटीआर अधिकारी व्हाट्सएप बातचीत और अश्लील तस्वीरें और वीडियो के अदान प्रदान के दौरान रक्षा प्रतिष्ठान के बारे में सभी गुप्त जानकारी दे रहा था।

अमेरिका: बर्फीले तूफान से लाखों की आबादी अंधेरे में

वाशिंगटन, (एजेंसी)। अमेरिका के उत्तरपूर्वी हिस्से में शनिवार भारी बर्फीले तूफान के कारण बिजली व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हुई और लगभग आठ लाख की आबादी अंधेरे में रही। दमकल सूत्रों के अनुसार तूफान ने ज्यादातर मिशिगन को प्रभावित किया है, जहां स्थानीय समयानुसार सात बजकर 24 मिनट पर लगभग 730,000 लोगों ने बिजली की भारी किल्लत क सामना किया। विस्कॉन्सिन, न्यूयॉर्क और इलिनोइस में बड़े पैमाने पर ब्लैकआउट भी दर्ज किए गए हैं। मिशिगन के अधिकारियों ने कहा कि तूफान के दौरान बुधवार की रात बिजली लाइन गिरने से एक दमकलकर्मी की मौत हो गई।

कार्यालय में मृत पाए गए अमेरिकी अरबपति

वाशिंगटन, (एजेंसी)। अमेरिका के अरबपति फाइनेंसर थॉमस एच. ली. न्यूयॉर्क के 767 फिफ्थ एवेन्यू स्थित अपने कार्यालय में मृत पाए गए हैं। श्री ली के परिजनों ने एक बयान में कहा कि वे ली (78) की मौत से बेहद दुखी हैं। श्री ली के मैनहट्टन स्थित कार्यालय में उनका शव पाया गया। उनकी मौत गोली लगने से हुई थी और ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उन्होंने खुद को गोली मारी है। एनवाईपीडी ने बीबीसी को बताया कि गुरुवार सुबह 767 फिफ्थ एवेन्यू में 78 वर्षीय एक अनाम व्यक्ति मृत पाया गया था। इसी पते पर थॉमस एच ली कैपिटल एलएलसी के कार्यालय सूचीबद्ध हैं। फोर्ब्स के अनुसार, श्री ली की मृत्यु के समय उनकी संपत्ति करीब दो अरब डॉलर थी।

पंजाब में पर्चा लीक, 12वीं की अंग्रेजी की परीक्षा रद्द

चंडीगढ़, (एजेंसी)। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की अंग्रेजी की परीक्षा शुक्रवार को पर्चा लीक होने के कारण रद्द कर दी गई। पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि 12वीं कक्षा का शुक्रवार को होने वाला पेपर लीक होने सम्बन्धी सूचना मिलने पर उन्होंने परीक्षा रद्द करने के निर्देश दिये। श्री बैंस ने इसके साथ ही इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश जारी किये हैं और कहा कि मामले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा दो बजे होनी थी पर बोर्ड ने चंद घंटे पहले ही 'प्रशासनिक कारणों' से परीक्षा स्थगित करने की घोषणा की।

संघ प्रमुख भागवत पहुंचे बेणेश्वर धाम

उदयपुर/डूंगरपुर, (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत शुक्रवार को राजस्थान के डूंगरपुर जिले के बेणेश्वर धाम पहुंचे। बेणेश्वर धाम दर्शन के बाद वे भेमई गांव में संघ के पांच साल में होने वाले अखिल भारतीय ग्राम विकास-प्रभात ग्राम मिलन कार्यक्रम स्थल पहुंचे। शनिवार से शुरू होकर यह कार्यक्रम रविवार तक चलेगा। संघ के चित्तौड़ प्रांत ग्राम विकास प्रमुख गणेशलाल पाटीदार के अनुसार सरसंघचालक डॉ. भागवत शुक्रवार सुबह उदयपुर हवाई अड्डे पर पहुंचे और वहां से बेणेश्वर धाम के लिए रवाना हुए। बेणेश्वर में वाल्मीकि मंदिर में पूजा-अर्चना की। उनके साथ जनजाति समाज के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

आज का इतिहास

- 1586: अकबर के दरबारी कवि बीरबल विद्रोही युसूफजई के साथ एक लड़ाई में मारे गए।
- 1788: पिट्स रेग्यूलेट्री एक्ट पारित किया गया।
- 1836: सैमुएल कॉल्ट ने कॉल्ट रिवॉल्वर के लिए पेटेंट लिया।
- 1921: रूस ने जॉर्जिया की राजधानी तिब्लिसी पर कब्जा किया।
- 1925: पूर्व सोवियत संघ और जापान के बीच राजनयिक रिश्ते कायम हुए।
- 1945: दूसरे विश्व युद्ध के दौरान तुर्की ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1952 : नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में छठे शीतकालीन ओलंपिक खेलों का समापन हुआ।
- 1986: फिलीपींस में तानाशाह फर्डिनाड मार्कोस का शासन भी खत्म।
- 1987: सतह से सतह तक मार करने वाली भारत की प्रथम मिसाइल पृथ्वी का सफल प्रक्षेपण।

कोलकाता में ट्राम को 150 साल हुए पूरे

1873 में कोलकाता की सड़कों पर चलने वाली और इतने लंबे समय तक शहर के जीवन से जुड़ी ट्राम शुक्रवार को कोलकाता में अपनी 150 साल की यात्रा का जश्न मना रही हैं।

रूस की यूक्रेन, नाटो को चेतावनी मोल्दोवन को उकसाएं नहीं

मास्को ■ एजेंसी

यूक्रेन और नाटो को ट्रांसनिस्ट्रिया के मोल्दोवन ब्रेकअवे क्षेत्र में उकसावे के खिलाफ चेतावनी देते हुए, रूस ने शुक्रवार को कहा कि कोई भी कार्रवाई जो रूसी शांति सैनिकों या वहां के नागरिकों के लिए खतरा पैदा करती है, उसे रूस पर हमले के रूप में देखा जाएगा।

शुक्रवार को एक बयान में, रूसी विदेश मंत्रालय ने रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि यूक्रेन ने काफी संख्या में सैन्य कर्मियों के साथ-साथ ट्रांसनिस्ट्रिया में अपनी सीमा पर हार्डवेयर और तोपखाने जमा कर लिए हैं, उन्होंने अमेरिका, नाटो सदस्य देश और यूक्रेन को किसी भी कदम के खिलाफ चेतावनी दी है। जबकि रूस मुद्दों को हल करने के राजनीतिक-राजनयिक तरीकों का समर्थन करता है, बयान में कहा गया- किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि रूसी सशस्त्र बल किसी भी उकसावे पर उचित प्रतिक्रिया देंगे। इसने जोर देकर कहा कि यह मोल्दोवन से अलग हुए क्षेत्र में मौजूद अपने नागरिकों, शांति सैनिकों और सैन्य कर्मियों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

87 रूसी नागरिकों के खिलाफ न्यूजीलैंड ने लगाए नए प्रतिबंध

वेलिंगटन, (एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने को लेकर 87 रूसी नागरिकों के खिलाफ नये प्रतिबंधों की घोषणा की है। विदेश मंत्री नानिया महुता ने शुक्रवार को कहा कि शुक्रवार को हमने रूस के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े प्रतिबंधों में से एक की घोषणा की है, जो एओटियरोआ न्यूजीलैंड द्वारा रूस की अवैध कार्रवाई की कड़ी निंदा का एक और प्रदर्शन है।

फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स से रूस की सदस्यता रद्द

पेरिस, (एजेंसी)। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए रूस की सदस्यता को रद्द कर दिया। एफएटीएफ ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बयान में कहा गया है कि रूस की कार्रवाई अस्वीकार्य है और एफएटीएफ के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। यूक्रेन पर रूस के अवैध, अकारण और अनुचित फुल स्केल युद्ध को एक साल पूरा हो चुका है।

जी20 के वित्त मंत्रियों की बैठक में पीएम ने बताए यूपीआई से भुगतान के फायदे

वित्तीय दुनिया में तेजी से हावी हो रही है प्रौद्योगिकी : मोदी

बेंगलुरु ■ एजेंसी

हमारे डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र ने शासन, वित्तीय समावेशन और जीवन को आसान बनाने में मौलिक रूप से किया है परिवर्तन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को डिजिटल ईकोसिस्टम एवं यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) से भुगतान के फायदों का उल्लेख करते हुए कहा कि वित्तीय दुनिया में प्रौद्योगिकी तेजी से हावी हो रही है।

प्रधानमंत्री जी 20 वित्त मंत्री एवं केन्द्रीय बैंक गवर्नरों की यहां चल रही दो दिवसीय बैठक के शुभारंभ के अवसर पर वीडियो कांफ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए कहा कि महामारी के दौरान डिजिटल भुगतान ने संपर्क रहित और बिना किसी परेशानी के ट्रांजेक्शन को सक्षम बनाया। उन्होंने हालांकि डिजिटल वित्त में हाल के कुछ नवाचारों में अस्थिरता और

दुरुपयोग के जोखिम का उल्लेख करते हुए कहा कि मुझे आशा है कि आप यह पता लगाएंगे कि इसके संभावित जोखिमों को नियंत्रित करने के लिए मानक विकसित करते समय तकनीक की शक्ति का उपयोग अच्छे के लिए कैसे किया जा सकता है। श्री मोदी ने कहा कि आप ऐसे समय में वैश्विक वित्त और अर्थव्यवस्था के नेतृत्व का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जब दुनिया गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रही है। कोविड ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को सदी में एक बार लगने वाला झटका दिया था। कई देश विशेष रूप से विकासशील अर्थव्यवस्थाएं अभी भी इसके दुष्परिणामों का सामना कर रही हैं। हम दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव को भी देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यूपीआई का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र ने शासन, वित्तीय समावेशन और जीवन को आसान बनाने में मौलिक रूप से परिवर्तन किया है। भारतीय उपभोक्ता और निर्माता भविष्य को लेकर आशावादी या आश्वस्त हैं। हम आशा करते हैं कि आप उसी सकारात्मक भावना को वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रसारित करने में सक्षम होंगे।

दिल्ली एमसीडी में स्टैंडिंग कमेटी चुनाव फिर टला

नई दिल्ली,(एजेंसी)। एमसीडी का चुनाव विवादों वाला रहा, मेयर का चुनाव बवाल के बाद संपन्न हुआ और अब स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव में भी तमाम अड़चने आ रही हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव संपन्न नहीं हो पाया।

चुनाव तो फेल हुआ ही, जिस तरह से सदन में पार्षदों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की, जिस तरह मुक्केबाजी का दौर चला, उसने पूरे देश को हैरान कर दिया। वर्तमान में दिल्ली एमसीडी से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, वो पिछले कुछ समय में यहां की राजनीति के लिहाज से सामान्य बात बन गई है। कुछ दिन पहले पानी की बोतलों को हथियार बना इस्तेमाल किया गया था, अब हाथापाई के जरिए जमकर बवाल काटा गया।

शुक्रवार को एमसीडी में स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव को लेकर वोटिंग हुई थी। लेकिन उस वोटिंग के दौरान फिर जमकर बवाल देखने को मिला, दोबारा काउंटिंग तक की मांग उठ गई थी। उस बीच भाजपा और आप के पार्षद आमने सामने आ गए और ये मारपीट का दौर शुरू हो गया। जो वीडियो सामने आए, उनमें पार्षद एक-दूसरे को लात-घूंसे मार रहे थे, महिला पार्षद भी आक्रमक दिखाई दे रही थीं।

औरंगाबाद होगा संभाजीनगर तो उस्मानाबाद बना धाराशीव

मुंबई, (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के दो जिलों का नाम बदलने की मंजूरी दे दी है, जिससे औरंगाबाद को अब छत्रपति संभाजीनगर और उस्मानाबाद को धाराशीव कहा जाएगा। महाराष्ट्र सरकार ने इन दोनों जिलों का नाम बदलने का फैसला लिया था और प्रस्ताव केंद्र को भेजा था। शुक्रवार को डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र के प्रस्ताव को स्वीकृत कर दिया है। इन नामों को बदलने के लिए 16 जुलाई 2022 को कैबिनेट ने प्रस्ताव पारित कर दिया था।

केंद्र ने दी मंजूरी

फडणवीस ने पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया है। दिवंगत शिवसेना के सुप्रीमो बाल ठाकरे ने सबसे पहले इन दो शहरों के नाम बदलने की मांग की थी और यह मांग कई दशक पुरानी थी। हालांकि उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री के बतौर अपनी आखिरी कैबिनेट बैठक में इन नामों को बदलने के फैसले की घोषणा की थी। औरंगाबाद और उस्मानाबाद के नाम बदलने के मामले को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका भी दाखिल की गई थी।

मेरठ में बॉयलर फटने से पांच मजदूरों की मौत, कई गंभीर

मेरठ, (एजेंसी)। जिले के दौराला क्षेत्र में शुक्रवार को बसपा के पूर्व विधायक चंद्रवीर सिंह के कोल्ड स्टोरेज में विस्फोट के साथ बॉयलर फटने से इमारत की छत गिर गई जिसमें अब तक पांच मजदूरों के शव निकाले जा चुके हैं जबकि 12 लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया है। तमाम घायलों को आस पास के अस्पतालों के अलावा मेडिकल कालिज की एमरजेंसी में भर्ती करवाया गया है, जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है। दौराला के पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक ने बताया कि पांच लोगों के मरने की सूचना है। अभी तक 12 लोगों को बाहर निकाला जा चुका है। साथ ही बचाव अभियान चलाया जा रहा है, जेसीबी मशीन से मलबा हटाने का काम जारी है।

भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा

विश्व भारती विवि दीक्षांत समारोह

कोलकाता, (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को दावा किया कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रक्षा मंत्री ने दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा।

अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट्स से पता चलता है कि भारत अगले चार से पांच वर्षों में उस स्थिति

को प्राप्त कर लेगा। रक्षा मंत्री ने पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के बोलपुर-शांतिनिकेतन में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित विश्व भारती विवि के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा।

दिल्ली एलजी से सीधे आदेश लेना बंद करें अधिकारी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। देश की राजधानी दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बीच अक्सर खींचतान देखने को मिलती रहती है। इस बीच एलजी को लेकर सीएम अरविंद केरजीवाल ने अपने अफसरों को सख्त निर्देश दिए हैं।

सीएम केजरीवाल ने दिए निर्देश

उन्होंने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल से सीधे आदेश लेना अधिकारी बंद करें। इसे लेकर सभी मंत्रियों ने अपने-अपने विभाग के सचिवों से कहा कि ट्रांजेक्शन ऑफ बिजनेस रूल्स (टीबीआर) का एकदम सख्ती से पालन करें। सचिवों को निर्देश है कि उपराज्यपाल से मिलने वाले किसी भी सीधे आदेश के संबंध में सबसे पहले संबंधित मंत्री को रिपोर्ट करें। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना सीधे सचिवों को भारतीय संविधान और एलजी के फैसले का उल्लंघन कर चुनी हुई सरकार को दरकिनार कर आदेश जारी कर रहे हैं। उपराज्यपाल के सीधे ऐसे असंवैधानिक आदेशों को लागू करना टीबीआर के नियम 57 का उल्लंघन होगा।

प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के गवाह की घर के बाहर हत्या

प्रयागराज ■ ब्यूरो

दो सिपाही गंभीर

बसपा के विधायक रहे राजू पाल की हत्या के मामले में मुख्य गवाह उमेश पाल पर शुक्रवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने उनके घर के बाहर गोली और बम मार कर हत्या कर दी। इस हमले में उमेश की सुरक्षा में लगे दो सिपाही भी गंभीर रूप से घायल हुए है, जिनकी हालत बेहद नाजुक बनी हुयी है।

पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने बताया कि आज शाम करीब पांच बजे धूमनगंज क्षेत्र के सुलेम सराय निवासी उमेश पाल की अज्ञात बंदूकधारियों ने उनके घर के बाहर बम और गोलियों से हमला कर हत्या कर दी। इस हमले में उनकी सुरक्षा में लगे गनर संदीप निषाद एवं एक अन्य की हालत नाजुक है। इनमे से एक को वेंटिलेटर पर रखा गया है। जबकि दूसरे का आपरेशन किया गया है।

उन्होने बताया कि हत्या में छोटे हथियार और बम का इस्तेमाल किया गया है। हत्या में शामिल लोगों की संख्या और पहचान के लिये गवाह के घर और आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। इस मामले में पुलिस की पांच टीमों का गठन किया गया है।

उमेश पाल के निजी अधिवक्ता विक्रम सिन्हा ने बताया कि शुक्रवार को उमेश के अपहरण काण्ड की अंतिम सुनवाई थी। बहस के बाद वह करीब 4.30 बजे तक उनके साथ अदालत में थे। उमेश घर जाने की बात कह कर अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ अदालत परिसर से निकले थे। उमेश पाल के सरकारी वकील सुशील वैश्य ने जब उन्हें फोन किया तो उनके मोबाइल पर गोली चलने की आवाज आ रही थी।

शहरी क्षेत्रों में घटी बेरोजगारी दर

नई दिल्ली, (एजेंसी)। शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर, या श्रम बल के बीच बेरोजगार व्यक्तियों का फीसदी अक्टूबर-दिसंबर 2022 में एक साल पूर्व इसी अवधि में 8.7 फीसदी से घटकर 7.2 फीसदी हो गया था। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के तिमाही आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर तिमाही में बेरोजगारी दर 7.2 फीसदी के समान स्तर पर थी। 2021-22 में सामान्य स्थिति में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लिए बेरोजगारी दर पिछले वर्ष 2020-21 में4.2 प्रतिशत की तुलना में 4.1 प्रतिशत थी। अधिक सतत समय अंतराल पर श्रम बल डेटा की उपलब्धता के महत्व को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) ने अप्रैल 2017 में पीएलएफएस लॉन्च किया।

आपदा **गुजरात में एक महीने में 12 बार धरती कांपने से लोगों में दहशत**

अमरेली में 24 घंटे में भूकंप के तीन झटके

साबरकुंडला के मीताणा, साकरपडा, धजडी समेत गांवों में हिली धरती

अहमदाबाद/ अमरेली, (एजेंसी)। अमरेली जिले में दो महीने से लोग भूकंप की दहशत के बीच जीने को विवश हैं। पिछले 24 घंटे में यहां भूकंप के 3 झटकों ने लोगों में भय का माहौल बना दिया है। खासकर साबरकुंडला मीतीयाला क्षेत्र में पिछले एक महीने से लगातार भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं।

शुक्रवार को भी दिन में मीतीयाला समेत आसपास के क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिएक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई। साबरकुंडला के मीताणा, साकरपडा, धजडी समेत गांवों में भूकंप आया। अमरेली जिले में 23 फरवरी को सुबह 9 बजे 3.1 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। इसके बाद मीतीयाला के समीप रात्रि 11.35 बजे 3.4 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। शुक्रवार सुबह 11.50 बजे मीतीयाला में ही 3.1 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। प्रशासन ने इस क्षेत्र के लोगों को भूकंप को लेकर सावधानी व सतर्कता बरतने की सलाह दी है। भूकंप के दौरान अपने और परिवार के बचाव के लिए जरूरी उपायों से अवगत कराया गया है।

फरवरी 2023 में भूकंप के झटके

2 फरवरी सुबह 10.47 बजे, अमरेली से दक्षिण-दक्षिण पूर्व 42 किमी 2.8 तीव्रता। 4 फरवरी सुबह 7.51 बजे अमरेली से दक्षिण-दक्षिण पूर्व 43 किमी 3.2 तीव्रता। 6 फरवरी सुबह 9.10 बजे अमरेली से दक्षिण-दक्षिण पूर्व 43 किमी 3.2 तीव्रता। 19 फरवरी सुबह 11.54 बजे अमरेली से दक्षिण-दक्षिण पूर्व 44 किमी 2.8 तीव्रता। 21 फरवरी सुबह 7.10 बजे अमरेली से दक्षिण-दक्षिण पूर्व 44 किमी 1.1 तीव्रता। 21 फरवरी सुबह 7.37 बजे अमरेली से दक्षिण-दक्षिण पूर्व 46 किमी 1.9 तीव्रता। 21 फरवरी सुबह 7.57 बजे अमरेली से दक्षिण-दक्षिण पूर्व 44 किमी 2.2 तीव्रता। 21 फरवरी सुबह 7.31 बजे अमरेली से दक्षिण-दक्षिण पूर्व 45 किमी 2.4 तीव्रता।

उद्धव ठाकरे से मिले केजरीवाल-मान

मुंबई, (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार की शाम मुंबई में उद्धव ठाकरे से उनके आवास मातोश्री में मुलाकात की। केजरीवाल के साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान, सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा भी थे। दोनों नेताओं के बीच 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी दलों की एकता को लेकर रणनीति बनाई गई। एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे के बीच पार्टी-निशान के विवाद पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उद्धव जी शेर के बेटे हैं। मुझे उम्मीद है कि उन्हें न्याय मिलेगा।

बनी रणनीति

उन्होंने बताया कि देश के कई मुद्दों पर हमारी चर्चा हुई है। हम इस रिश्ते को लेकर आगे जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधा और उद्धव ठाकरे के कार्यकाल की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'जब कोरोना पीक पर था तब उद्धव जी ने जैसे महाराष्ट्र में कोरोना को नियंत्रित किया वो काबिल-ए-तारीफ है। जिस तरह से केंद्र सरकार पूंजीपतियों को बचाने के लिए देश को गिरवी रख रही है उसपर हमने आज चर्चा की। देश तभी आगे बढ़ेगा जब हम एक दूसरे से कुछ सीखें।

उद्घाटन समारोह के दौरान अपनी कला का प्रदर्शन करते मलखंब खिलाड़ी

ताइक्वांडो चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे 265 खिलाड़ी

नई दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण के 21 केंद्रों के कुल 265 ताइक्वांडो खिलाड़ी शुक्रवार से यहां इंदिरा गांधी खेल परिसर में शुरू हो रही अखिल भारतीय अंतर साइ ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे। ये खिलाड़ी लखनऊ, बेंगलुरू, गुवाहाटी और त्रिवेंद्रम में स्थित साइ के चार राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र तथा साइ के 17 प्रशिक्षु केंद्र का हिस्सा हैं। यह तीन दिवसीय टूर्नामेंट भारत और कोरिया के राजनयिक संबंधों के 50वां वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।

गॉफ की सेमीफाइनल में स्वियाटेक से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶ दुबई

अमेरिका की 18 वर्षीय कोको गॉफ ने हमवतन मैडिसन कीज को 6-2, 7-5 से हराकर दुबई चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक से होगा। कैरोलिना प्लिसकोवा ने बीमार होने के कारण अपने मुकाबले से हटने का फैसला किया जिससे तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्वियाटेक को अंतिम चार में वॉकओवर मिला।

पांचवीं वरीयता प्राप्त गॉफ ने हमवतन कीज की गलतियों का फायदा उठाया जिन्होंने 51 'अनफोर्स्ड' गलतियां कीं। बारबोरा क्रेजसिकोवा ने दूसरी रैंकिंग की आर्यना सबालेंका को 0-6, 7-6,6-1 से हराकर उलटफेर किया। सबालेंका आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन हैं जो क्रेजसिकोवा पर बढ़त

बनाने के बावजूद हार गईं। वहीं अब 2021 फ्रेंच ओपन चैम्पियन क्रेजसिकोवा का सामना सेमीफाइनल में अमेरिका की जेसिका पेगुला से होगा जिन्हें कैरोलिना मुचोवा के पेट में चोट के कारण हटने से वॉकओवर मिला।

खबर संक्षेप



आईटीएफ टूर्नामेंट खेलेंगी अंकिता और करमन

बेंगलुरु। भारत की शीर्ष रैंकिंग की एकल टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना और करमन थांडी यहां 'पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस' में 26 फरवरी से शुरू होने वाली आईटीएफ महिला 25के प्रतियोगिता में शिरकत करेंगी। रैना (245 रैंकिंग) और थांडी (265) के अलावा सहजा यामालापल्ली और सोहा सादिक जैसी युवा खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा लेंगी। क्वालीफाइंग दौर 26 और 27 फरवरी को खेले जाएंगे। आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट के लिए दर्शकों का प्रवेश निशुल्क होगा।

श्रीलंका क्रिकेट ने कमाया रिकॉर्ड शुद्ध लाभ

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट के अनुसार उसने 2022 में 6.3 अरब रुपए की कमाई की जो कि खेल संस्था की अब तक की सबसे अधिक वार्षिक शुद्ध आय है।

श्रीलंका क्रिकेट ने कहा, 'यह ताजा शुद्ध आय वृद्धि मुख्य रूप से चार राजस्व खंड से हुई है जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट, घरेलू क्रिकेट, प्रायोजन अनुबंध और आईसीसी वार्षिक सदस्य संवितरण हैं।' साथ ही गुरुवार को यह भी घोषणा की गई कि खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने एसएलसी के लिए एक नए संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए 10 सदस्यीय समिति नियुक्त की है।

शीर्ष पहलवानों के हटने से खेल मंत्रालय नाराज

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय देश के शीर्ष पहलवानों के भारतीय कुश्ती महासंघ और इसके अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के साथ चल रहे उनके गतिरोध के कारण अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट

में हिस्सा नहीं लेने से नाराज है। विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, रवि दहिया, दीपक पूनिया, अंशु मलिक और संगिता मोर सहित शीर्ष पहलवानों ने जगरेब और अलेक्सजांद्रिया में यूडब्लूडब्लू रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया क्योंकि एक जांच पैनल डब्लूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रहा है।

सिंधू ने कोच ताए सांग से नाता तोड़ा

नई दिल्ली। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू अपने कोच पार्क ताए सांग से अलग हो गई है। दक्षिण कोरिया के कोच ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि करते हुए भारतीय खिलाड़ी के हाल के निराशाजनक प्रदर्शन की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि यह भारतीय खिलाड़ी बदलाव चाहती थी। पार्क ताए सांग के रहते हुए सिंधू ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक और पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

क्रिकेट : रूट का भी सैकड़ा, ब्रुक के साथ की 294 रन की नाबाद साझेदारी

ब्रुक 184 पर नाबाद, सिर्फ नौ मैचों में बनाया 800 रन का वर्ल्ड रिकार्ड

एजेंसी ▶▶ वेलिंगटन

इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने 145 साल बाद कई दिग्गजों को पछाड़ते हुए एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दरअसल, हैरी ब्रूक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 169 गेंद पर नाबाद 184 रन बनाए। इस पारी की बदौलत इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज ने शुरुआती 9 टेस्ट पारियों में 800 रन बनाने वाले इतिहास के पहले बल्लेबाज बन गए।

- हैरी का पिछले पांच टेस्ट में चौथा टेस्ट शतक, तीन अर्धशतक भी बनाए

इससे पहले 9 टेस्ट पारियों में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भारत के विनोद कांबली (798) के नाम दर्ज था, लेकिन शुक्रवार को हैरी ब्रूक ने यह रिकॉर्ड तोड़ दिया। उनके नाम अब 807 रन दर्ज हो गए हैं। हैरी ब्रुक और जो रूट के शतक और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 294 रन की नाबाद साझेदारी से शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के बारिश से प्रभावित पहले दिन स्टंप तक तीन विकेट पर 315 रन बना लिए। रूट ने भी 19वां टेस्ट शतक पूरा किया।

ब्रुक का चौथा टेस्ट शतक

ब्रुक ने अभी तक टेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बना लिया है, इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर दिसंबर में पाकिस्तान के खिलाफ 153 रन की पारी थी और पिछले पांच टेस्ट में यह उनका चौथा शतक है। उनके नाम तीन अर्धशतक भी हैं और केवल नौ टेस्ट पारियों में वह 807 रन बना चुके हैं जो टेस्ट क्रिकेट में करियर के इस पड़ाव में किसी अन्य खिलाड़ी की तुलना में सर्वश्रेष्ठ है।

शुरुआती 9 पारियों में रन

रन	खिलाड़ी	देश
807*	हैरी ब्रूक	इंग्लैंड
798	विनोद कांबली	भारत
780	हरबर्ट सटक्लिफ	इंग्लैंड
778	सुनील गावस्कर	भारत
777	एवर्टन वीक्स	वेस्टइंडीज

अवनी ने जीता गोल्फ खिताब भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ मनीला

अवनी प्रशांत शुक्रवार को क्वीन सिरिकिट कप में जीत हासिल करने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनीं जिससे उन्होंने भारतीय टीम को भी टूर्नामेंट के 43 साल के इतिहास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद की। पहले तीन दिन 68, 66 और 70 के कार्ड खेलने वाली अवनी का कुल स्कोर 16 अंडर का रहा जिससे वह न्यूजीलैंड की फियोना जु से 10 स्ट्रोक्स आगे रही जिन्होंने छह अंडर का कुल स्कोर बनाया। बेंगलुरु की 16 साल की अवनी हाल में शीर्ष 100 में पहुंची। विश्व एमेच्योर गोल्फ रैंकिंग में 93वें स्थान पर चल रही अवनी की बदौलत भारत ने कोरियाई टीम को कड़ी चुनौती दी और फिर दूसरे स्थान पर संतोष किया। अवनी ने अपने कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, उनकी साथी विधात्री उर्स (74-77-72-74) संयुक्त 19वें और निश्ना पटेल (80-78-74-75) संयुक्त 30वें स्थान पर रहीं। टीम स्पर्धा में कोरिया ने 12 अंडर 564 के कुल स्कोर से पहला स्थान हासिल किया।

तीसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे कमिंस, स्मिथ को कमान

नई दिल्ली। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने पारिवारिक आपात स्थिति के कारण भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट से हटने का फैसला किया है। इससे उप कप्तान स्टीव स्मिथ एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले मुकाबले में टीम की अगुआई की जिम्मेदारी संभालेंगे। 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' के अनुसार, 'पारिवारिक आपात स्थिति के कारण पैट कमिंस दूसरे टेस्ट के बाद आस्ट्रेलिया लौट गए थे और यह तेज गेंदबाज अगले हफ्ते तीसरे मैच के दौरान अपने घर पर ही रहेगा। आस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान की मां बीमार हैं और 'पैलिएटिव केयर' (प्रशामक उपचार) में हैं।'

गेंदबाज 'विलेन' नहीं, नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़ा बल्लेबाज ही तोड़ रहा नियम

एजेंसी ▶▶ लंदन

मेरिलबोन क्रिकेट क्लब की विश्व क्रिकेट समिति ने कहा कि किसी भी गेंदबाज को नॉन स्ट्राइकर छोर पर रन चुराने के प्रयास में अपनी क्रीज पर आगे खड़े बल्लेबाज को 'रन आउट' करने के लिए 'विलेन' नहीं कहा जा सकता। विश्व क्रिकेट समिति ने सभी उम्र ग्रुप स्तर के क्रिकेट में इस तरीके से आउट होने के तरीके को सामान्य करने की कोशिश में यह बात कही।

डब्लूसीसी ने इस विवादास्पद मुद्दे पर 'संयम' बनाए रखने की भी बात कही क्योंकि कुछ पूर्व क्रिकेटर अब भी मानते हैं कि इस तरह बल्लेबाज को रन आउट करना खेल भावना के खिलाफ है जबकि आईसीसी नियम बना चुका है कि इसे 'रन

आउट' माना जाएगा। खेल के नियम बनाने वाली एमसीसी ने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जम्पा के बिग बैश लीग मैच में नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़े टॉम रोजर्स को रन आउट करने का प्रयास की घटना के बाद नियम के शब्दों पर स्पष्टीकरण जारी किया था। इस स्पष्टीकरण में नियम 38.3 के शब्दों में बेहतर स्पष्टता प्रदान करने और गलतफहमियों को दूर करने के लिए बदलाव शामिल था।

गेंद छूटने तक संयम रखें बल्लेबाज

एमसीसी ने कहा, 'सबसे अहम कारक यही है कि इस तरह के आउट होने के तरीके पर एक सरल तरीके से सभी तरह के संदेह और विवादों को खत्म किया जा सकता है कि नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़ा खिलाड़ी नियमों का पालन करे और अपनी क्रीज के अंदर तब तक बना रहे जब तक गेंदबाज के हाथ से गेंद फेंकी नहीं जाए। दुबई में चर्चा में यह मुद्दा भी सामने आया कि इस तरह आउट करने पर गेंदबाज की आलोचना की जाती है। समिति के सभी सदस्य एकमत थे कि जो बल्लेबाज खेल के नियमों को तोड़कर क्रीज पर अपनी जगह से आगे खड़ा रहता है, वही दोषी है।'

टी20 विश्व कप फाइनल कल, इंग्लैंड को छह रन से मिली मात

द.अफ्रीका पहली बार फाइनल में, ऑस्ट्रेलिया से होगा मुकाबला

एजेंसी ▶▶ केपटाउन

मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को यहां एक रोमांचक मुकाबले में खिताब के प्रबल दावेदार इंग्लैंड को छह रन से हराकर पहली बार आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई। दक्षिण अफ्रीका रविवार को होने वाले फाइनल में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा जिसने गुरुवार को पहले सेमीफाइनल में भारत को पांच रन से पराजित किया था।

लौरा वूलफार्ट ने 44 गेंदों पर 53 रन बनाए जबकि ताजमिन ब्रिट्ज ने 55 गेंदों पर 68 रन की आकर्षक पारी खेली। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे

दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 164 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम आठ विकेट पर 158 रन ही बना पाई। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से खाका ने 29 रन देकर चार और इस्माइल ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए और अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई।

टी20 वर्ल्ड कप : महिला क्रिकेट टीम को सेमीफाइनल में मिली हार

लगातार नॉकआउट में बाहर होने से उठे सवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तरीका अलग हो सकता है लेकिन कहानी वही है। लंदन, मेलबर्न, बर्मिंघम और अब केपटाउन में वही कहानी दोहराई गई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ट्रॉफी तक पहुंचने से पहले ही नॉकआउट में बाहर हो गई।

दक्षिण अफ्रीका में चल रहे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों जीत की स्थिति में होने के बावजूद पांच रन की हार ने भारतीय महिला टीम को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। वनडे विश्वकप 2017 के फाइनल में पहुंचने से भारत ने

महिला क्रिकेट में क्रांति ला दी थी। उम्मीद की जा रही थी कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम अब इससे एक कदम आगे बढ़ेगी और ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत को चुनौती देगी, लेकिन छह साल बाद भी कहानी में कोई बदलाव नहीं हुआ। भारत गुरुवार को केपटाउन में जीत की दहलीज पर पहुंच गया था लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर के रन आउट होने से पूरी कहानी बदल गई और टीम को ऐसी हार मिली जिसे खिलाड़ी वर्षों तक नहीं भुला पाएंगे। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जबकि भारत नॉकआउट में बाहर हो गया हो। वनडे विश्व कप 2017 में वह फाइनल में इंग्लैंड से हार गया था। इसके बाद 2018 में टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में फिर से इंग्लैंड उसके सामने रोड़ा बना था। भारतीय टीम पिछले टी-20 विश्व कप के मेलबर्न में खेले गए फाइनल और पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक मैच में भी हार गई थी। इन दोनों अवसरों पर उसे आस्ट्रेलिया ने पराजित किया।

दबाव वाले मैचों में टीम कर रही निराश

लचर क्षेत्ररक्षण और औसत गेंदबाजी के बावजूद हरमनप्रीत और जेमिमा रोड्रिग्स की बल्लेबाजी से भारत जीत की स्थिति में था। ऐसे में सवाल उठता है कि भारतीय टीम इस तरह के दबाव वाले मैचों में अनुकूल परिणाम क्यों हासिल नहीं करती। क्या यह टीम के चयन से जुड़ा कोई मुद्दा है या फिटनेस जिसके कारण क्षेत्ररक्षण बेहद खराब रहा। या फिर टीम की रणनीति या कुछ और। गुरुवार को भारत का क्षेत्ररक्षण बेहद खराब रहा और क्षेत्ररक्षण कोच शुभादीप घोष को कई सवालों के जवाब देने होंगे। भारत के खराब क्षेत्ररक्षण के कारण ऑस्ट्रेलिया 25 से 30 रन अधिक बनाने में सफल रहा। भारतीय बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट भी अच्छा नहीं था। शेफाली, दीप्ति शर्मा, यस्तिका भाटिया और कप्तान हरमनप्रीत का टूर्नामेंट में स्ट्राइक रेट 110 से कम था। वर्तमान क्रिकेट में 130 से कम का स्ट्राइक रेट अच्छा नहीं माना जाता है।

रियो ओपन : अल्कारेज ने फोगनिनी को हराया

रियो डी जिनेरियो। *गत चैम्पियन कार्लोस अल्काराज रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अनुभवी फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखा सके लेकिन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। शीर्ष वरीय अल्काराज ने गुरुवार को इटली के 35 साल के खिलाड़ी की चुनौती से उबरते हुए दो घंटे 47 मिनट तक चले मुकाबले में 6-7, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। अमेरिकी ओपन चैंपियन का सामना अब सर्बियाई खिलाड़ियों लास्लो जेरे और दुसान लाजोविच के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।*

इस बदलते मौसम में खुद को इस तरह रखें फिट

आजकल की बिजी लाइफस्टाइल में खुद के लिए वक्त निकाल पाना काफी कठिन होता है। वर्किंग वुमेन के लिए यह और भी ज्यादा चैलेंजिंग होता है। उन्हें एक साथ ऑफिस और घर दोनों को मैनेज करना पड़ता है। इन सबके बीच में वे अपनी हेल्थ का ख्याल नहीं रख पाती हैं। हालांकि अगर वे चाहें तो कुछ आसान सा टिप्स फॉलो कर घर की जिम्मेदारियों के बीच खुद को फिट रख सकती हैं. आइए जानते हैं।

हैवी नाश्ता करें

अक्सर काम के चक्कर में वर्किंग वुमेन खाने पर ध्यान नहीं दे पाती हैं। ऐसे में कोशिश करें कि सुबह का नाश्ता हैवी रहे। इससे पेट भरा रहेगा और काम के वक्त भूख भी नहीं लगेगी। इसका असर आपके काम पर भी नहीं होगा।

हेल्दी डाइट को ही चुनें

कई बार ऐसा होता है जब भूख लगने पर वर्किंग वुमन जंक फूड या तला भुना खा लेती हैं। इससे उनके दिमाग और शरीर को पोषण नहीं मिल पाता है और वे बीमार हो जाती हैं। इसलिए कोशिश करनी चाहिए कि घर का ही खाना खाएं। डाइट हमेशा हेल्दी रखें. दही, सीजनल फ्रूट्स और हरी सब्जियों जैसी न्यूट्रिएंट्स रिच खाने का सेवन करें।

पानी से न करें परहेज

काम में उलझकर कई बार वर्किंग वुमन पानी पीना ही भूल जाती हैं। इसकी वजह से डिहाइड्रेशन का शिकार हो सकती हैं। इसलिए ध्यान रखें कि काम के बीच-बीच में पानी पीते रहें। कोशिश करें की दिनभर में 8-10 गिलास पानी पी लें। इससे आप हाइड्रेटेड और एनर्जेटिक रहेंगी।

तनाव से दूरी बनाएं

घर और ऑफिस का काम एक साथ करना काफी चैलेंजिंग होता है, ऐसे में इसे मैनेज करते-करते महिलाएं स्ट्रेस लेने लगती हैं, जिससे न सिर्फ उनका मूड ऑफ रहता है बल्कि काम में मन भी नहीं लगता है. ऐसे में काम का प्रेशर लेने की बजाय खुश रहने की कोशिश करें। इससे आप तनाव से बच सकेंगी।

रिलेक्सिंग थेरेपी

काम के दौरान वर्किंग वुमन थकान फील करने पर उसे इग्नोर करती हैं, यह पूरी तरह गलत है। इसलिए कोशिश करें कि काम के बीच 20 सेकेंड का ब्रेक लेकर आंखों को रिलैक्स करने का मौका दें। आप चाहें तो कुछ देर वॉक भी कर सकती हैं. इससे बैक पेन की समस्या से भी बच जाएंगी और हेल्दी भी रहेंगी।

एथनिक लुक को खास बनाएंगे ये इयरिंग्स, शादी-पार्टी के लिए हैं बेस्ट ऑप्शन

आज के दौर में हर कोई स्टाइलिश दिखना चाहता है। पहनावे के साथ ज्वेलरी और एक्सेसरीज को मैच करना एक कला है। वहीं इयररिंग्स इस खूबसूरती को बढ़ाने का काम करती हैं। वहीं केवल इयररिंग्स पहनने से आपका लुक और स्टाइलिश हो जाता है। इंडियन वियर हो या वेस्टर्न इयररिंग्स सभी पर आकर्षक लुक देते हैं। आजकल हैवी इयरिंग्स काफी ट्रेंडिंग हैं। आप अपने पारंपरिक परिधान के साथ हैवी इयररिंग्स को कैरी कर सकते हैं। इसके अलावा आप वेस्टर्न वियर के साथ भी आप इयररिंग्स पहन सकते हैं।

किन बातों का रखें ध्यान- किस तरह के आउटफिट के साथ कैसी इयररिंग्स पहनें। इसका लोगों को कंफ्यूजन होता है। इसके बारे में आपको कुछ बातें जरूर पता होनी चाहिएं। एथनिक लुक के साथ हैवी इयररिंग्स पहनकर आप प्रभावशाली लुक के साथ किसी भी फंक्शन में शामिल हो सकते हैं। वहीं हैवी इयररिंग्स को पहनते और चेंज करते समय आपको अपने कानों का खास ध्यान रखना चाहिए। एथनिक लुक के साथ आप कुछ अलग ट्राई कर सकती हैं। आइए जानते हैं कि आप किस तरह की इयरिंग्स कैरी कर सकते हैं, जो आपके लुक को एलीगेंट बनाएंगे।

1- **चांदबाली**- महिलाएं चांदबाली के साथ अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं। बता दें कि चांद बालियां इन दिनों काफी ट्रेंड में हैं। यह आपके लुक पर गजब का डिफरेंस ला सकती हैं। एथनिक लुक में एक एक्स्ट्रा ग्लैम जोड़ने के लिए आप चांदबाली पहन सकती हैं। किसी भी एथनिक स्टाइल के साथ एलिगेंस ऐड करने के लिए आप इन इयररिंग्स को पेयर कर सकते हैं।

2- **झुमका**- आप अपने एथनिक लुक को झुमके के साथ पूरा कर सकती हैं। एथनिक लुक का स्टाइल बढ़ाने के लिए झुमके से बेहतर और क्या ऑप्शन होगा। बाजार में आपको अट्रैक्टिव कटवर्क डिजाइन के कई झुमके मिल जाएंगे। वहीं आपको इनमें कई कलर ऑप्शन भी मिलते हैं। इसलिए आप भी अपनी ड्रेस के हिसाब से झुमके को कैरी कर सकते हैं।

होली के रंगों से न होने दें अपनी स्किन डैमेज

भारत में होली का अपना अलग महत्व है। लोग होली आने से पहले ही इसकी तैयारी करना शुरू कर देते है। पपड़, कचड़ी, चिप्स बनाने के साथ, गुजिया, नमकपारे, मिठाई बनाने में बिजी हो जाते है। होली एक ऐसा त्योहार है जिसमें परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों से मिलने उनके साथ समय बिताने का एक अच्छा मौका मिलता है। लेकिन होली में सबसे ज्यादा मजा लोगों को रंगों के साथ खेलने में आता है। होली के रंगों के साथ सभी लोग एक दूसरे के साथ भी घूल मिल जाते हैं। कई बार होली के रंगों से हमारे स्किन को कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। लेकिन खबराने की कोई बात नहीं इन टिप्स के माध्यम से आप भी रह सकती है सुरक्षित।

प्री होली स्किन केयर टिप्स

बॉडी पर करें ऑयल मसाज आपने अक्सर बॉडी ऑयल मसाज के बारे में तो सुना होगा। लेकिन इस होली रंगों में मौजूद केमिकल से अपनी स्किन को बचाने के लिए आप ऑयल की मदद भी ले सकते हैं। तेल की मसाज आपके स्किन पर होली के रंगों से होने वाले इंफेक्शन और साइड इफेक्ट से बचाने का काम करेंगे।

होंठ पर जरूर लगाएं लिप बाम

हमारी स्किन पर सबसे ज्यादा सेंसिटिव स्किन होंठ होता है। ऐसे में होली के केमिकल वाले कलर से अपने होंठों की केयर करने के लिए आप उस पर लिप बाम लगा सकते हैं। लिप बाम आपके होंठ पर जम जाते हैं जिस कारण आपके लिप्स पर दरारें पड़ जाती हैं।

कानों को रखें सुरक्षित

प्री होली स्किन केयर के समय आप अपने कानों को सुरक्षित रखने के बारे में न भूले। होली के रंग के साथ पानी भी आपके कानों में जा सकता है जो आपके कानों को बुरी तरह नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए इस समस्या से बचने के लिए आप टोपी पहन सकते हैं या फिर अपने कानों के आसपास पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल कर सकते हैं।

बर्फ से करें चेहरे की मसाज होली के रंगों में रंगने से पहले आप बर्फ के टुकड़ों से अपने चेहरे पर कम से कम 15 मिनट तक मसाज कर लें। बर्फ से चेहरे पर मसाज करने से आपके पोर्स बंद हो जाते हैं। जिससे केमिकल वाले रंग आपकी स्किन के अंदर नहीं जा पाते हैं और आपको रंगों से होने वाले स्किन प्रॉब्लम से बच पाएंगे।

सनस्क्रीन जरूर लगाएं

होली अक्सर लोग घर के बाहर या अपने घर की छत पर खेलते हैं। इस दौरान वो धूप के संपर्क में रहते हैं और कई बार पानी के संपर्क में भी आते हैं। जिसका सीधा असर आपके स्किन पर पड़ता है।

आपकी स्किन ड्राई और खिंची हुई बनने के साथ आपको टैन की समस्या भी हो जाती है। इसलिए आप होली खेलने से पहले अपने बॉडी पर अच्छे से सनस्क्रीन लगा लें।

पोस्ट होली स्किन केयर टिप्स

फेस मास्क का जरूर लगाएं होली खेलने के बाद आप अपने स्किन को नेचुरल तरीके से ग्लो करने और हेल्दी रखने के लिए होममेड फेस मास्क का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आप हल्दी, चंदन और गुलाब जल का इस्तेमाल करके अपने स्किन के लिए फेस मास्क तैयार कर सकते हैं।

गर्म पानी से बनाएं दूरी

स्किन पर लगे रंगों को क्लिन करने के लिए आप नॉर्मल पानी का इस्तेमाल करें। इस समय हल्की ठंड रहती हैं जिस वजह से कई लोग गर्म पानी का उपयोग करते हैं। लेकिन आप नहाने या अपने चेहरे से रंग को हटाने के लिए गर्म पानी का उपयोग करने से बचें।

स्किन पर मॉइस्चराइजर क्रीम

होली खेलने के बाद आप जब नहा लें तो अपने स्किन को मॉइस्चराइज करना न भूलें। आप चाहे तो नारियल के तल या जैतून के तेल से भी अपने स्किन को मॉइस्चराइज कर सकते हैं। ताकि आप अपने स्किन के नेचुरल ब्यूटी को बरकरार रख पाएं।

> झागदार फेसवॉश का करें यूज
>
> होली खेलने के बाद अपने स्किन से रंगों को उतारने के लिए आप झागदार फेसवॉश का इस्तेमाल कर सकते हैं। फेसवॉश को अपनी स्किन पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। ऐसा करने से चेहरे पर लगे रंग के साथ तेल और गंदगी भी आसानी से निकल जाएगी। इस तरह के फेसवॉश आपके स्किन को हाइड्रेट रखने में मदद भी करता है।

टेंशन में आती है सिगरेट की याद इस तरह से छोड़ें ये गंदी आदत

घर में किसी बात पर बहस हुई नहीं कि सिगरेट पीने की याद आती है। ऑफिस में काम का प्रेशर बढ़ा नहीं कि मन करता है दो तीन कश मार ही लिए जाएं। ऐसा आपके साथ होता है तो आप कोई अजूबा नहीं हैं। अधिकांश लोग स्ट्रेस मैनेज करने के लिए या स्ट्रेस से बाहर निकलने के लिए सिगरेट स्मोकिंग को सबसे आसान और अच्छा जरिया समझते हैं। उस वक्त तो सिगरेट का धुआं आपको ये अहसास करवा देता है कि आपने हर फिक्र को धुएं में उड़ा दिया है। लेकिन हकीकत ये होती है कि सिगरेट आपको रिलेक्स करने की जगह आपके हार्ट रेट को बढ़ा देती है। सिर्फ इतना ही नहीं ज्यादा सिगरेट पीने वालों के चेहरे पर रिंकल्स यानि कि झुर्रियां भी जल्दी आती हैं।

गहरी सांसें लें

रोज सुबह उठ कर गहरी सांस लेने की आदत डालें। कम से कम तीन बार नाक से गहरी सांस लें। हर बार सांस को धीरे-धीरे मुंह से छोड़ें। डीप ब्रीथ की ये आदत दिमाग की क्षमता बढ़ाती है जिससे स्ट्रेस झेलने की सहनशक्ति भी बढ़ती है।

भरपूर नींद लें

शुरुआत में स्मोकिंग छोड़ने का असर दिमाग पर भी पड़ सकता है। जिसे शांत रखने के लिए भरपूर नींद लेना जरूरी है। स्ट्रेस और स्मोकिंग दोनों से उबरने की कोशिश है तो रोजाना कम से कम आठ घंटे की भरपूर नींद लें। इससे दिमाग रिलेक्स रहेगा।

सही डाइट, सही एक्सरसाइज

सही खाना और सही एक्सरसाइज भी स्मोकिंग की आदत को कम करने में मदद करती है। आपके शरीर में जितने टॉक्सिन्स जमा होंगे उतना ही ज्यादा स्ट्रेस होगा। सिगरेट पीने से टॉक्सिन्स कभी कम नहीं होते। इस आदत को बेलेंस डाइट के साथ बदलें। इसके अलावा एक्सरसाइज करें ताकि पसीने के साथ शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स भी बह जाएं।

कैफिन की खुराक

कैफिन की खुराक भी कम करना जरूरी है। चाय कॉफी जिन चीजों में कॉफिन होता है उन्हें कम से कम पिएं। कैफिन आपका स्ट्रेस लेवल बढ़ा सकता है। इसलिए उनकी खुराक में कमी या फिर उनकी आदत को छोड़ देना ही मुनासिब है।

शौक में डूबें

ऐसे किसी काम में मन लगाएं जिसे करना आपको बहुत पसंद है या फिर वो आपकी हॉबी है। ये डांस, गाना, पेंटिंग कुछ भी हो सकती है। आपका शौक आपको स्ट्रेस से राहत देगा और स्मोकिंग की याद भी नहीं आएगी।

लोगों से मिलना-जुलना शुरू करें

स्ट्रेस और स्मोकिंग की वजह से लोगों से कन्नी काटने लगे हों तो ये आदत भी छोड़ दीजिए। अब लोगों से दूर होने की जगह उनसे मिलना जुलना और बातें करना शुरू कर दें। अपने फ्रेंड्स से फैमिली के लोगों से या ऑफिस के साथियों से जीभर कर बात करें। लेकिन उन लोगों से दूसरी बनाकर रखें जो आपको फिर से स्मोकिंग के लिए उकसाएं।

आईब्रो को बनाना चाहती हैं काली घनी लंबी तो अपनाएं शानदार टिप्स

आईब्रो का आकार आंखों की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करता है। यही कारण है कि आईब्रो की खूबसूरती बढ़ाने के लिए भी महिलाएं कई नुस्खे आजमाती हैं। हालांकि कुछ महिलाओं की आईब्रो पतली और छोटी होती हैं। जिसकी ग्रोथ बढ़ाने के लिए ज्यादातर महिलाएं महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। बावजूद इसके महिलाओं की आईब्रो आकर्षक नहीं बन पाती है। ऐसे में अगर आप चाहें तो इन आसान तरीके को अपनाकर आई ब्रो को काली, घनी और लम्बी बना सकती हैं।

जैतून का तेल

आईब्रो की ग्रोथ बढ़ाने के लिए आप ऑलिव ऑयल की मदद ले सकते हैं। इसके लिए रोज रात को सोने से पहले आईब्रो पर जैतून का तेल लगाएं। अब 5-10 मिनट तक हल्के हाथों से आईब्रो की मसाज करें। इससे आपको 15 दिनों में फर्क नजर आने लगेगा।

एलोवेरा जेल

आईब्रो को खूबसूरत बनाने के लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल भी बेस्ट होता है। ऐसे में उंगलियों पर हल्का सा एलोवेरा जेल लेकर आई ब्रो की मसाज करें। हर रोज दिन में दो बार ये नुस्खा अपनाने से आईब्रो काली और घनी दिखने लगेंगी।

कच्चा दूध

काली और चमकदार आईब्रो पाने के लिए आप कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसे में कच्चे दूध को कॉटन की मदद से आई ब्रो पर अप्लाई करें। दिन में एक बार इसे लगाने से आपकी आई ब्रो ब्लैक और शाइनी बन जाएंगी।

कोकोनट ऑयल

कोकोनट ऑयल का इस्तेमाल भी आईब्रो का बेस्ट ब्यूटी ट्रीटमेंट साबित हो सकता है। ऐसे में हाथों पर नारियल का तेल लेकर आईब्रो पर लगाएं। दिन में दो बार ये नुस्खा ट्राई करने से आपकी आईब्रो मोटी और काली दिखने लगेंगी।

प्याज के जूस

आईब्रो की ग्रोथ रेट को ट्रिगर करने के लिए आप प्याज के रस का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसे में हर रोज आईब्रो पर प्याज का रस अप्लाई करें। इससे आपकी आई ब्रो काली और घनी बन जाएंगी।

मोटापा और ऑस्टियोआर्थराइटिस

मोटापा और ऑस्टियोआर्थराइटिस दो स्वास्थ्य स्थितियां हैं जो घने तौर पर जुड़ी हुई हैं। मोटापा ऑस्टियोआर्थराइटिस के लिए अग्रणी जोखिम कारक है, जो आपके जीवन की गुणवत्ता पर असर डाल सकता है। ऑस्टियोआर्थराइटिस एक अविरामी जोड़ स्थिति है जो समय के साथ संधियों को रोकने वाला कार्टिलेज घिस जाने से होता है, जिससे दर्द, कठिनाई और सूजन होती है। मोटापे वाले व्यक्तियों में अतिरिक्त वजन जोड़ों पर अतिरिक्त तनाव डालता है, जिससे उन्हें जल्दी ही घिसने लगते हैं औरऑस्टियोआर्थराइटिस के जोखिम को बढ़ाता है। मोटापे की सर्जरी के क्षेत्र में योगदान के लिए परम पावन श्री दलाई लामा द्वारा सम्मानित

डॉ.आरुष सभरवाल

एक प्रसिद्ध बेरिएट्रिक सर्जन डॉ. आरुष सभरवाल कहते हैं कि बारिएट्रिक सर्जरी ओबेसिटी के लिए एक उच्चतम प्रभावी उपचार विकल्प है। हमारे ओबेसिटी और मधुमेह के सर्जिकल सेंटर (एस.सी.ओ.डी.) में हम गैस्ट्रिक बाईपास, स्लीव गैस्ट्रेक्टोमी और गैस्ट्रिक बैलूनिंग सहित बारिएट्रिक सर्जरी विकल्पों की एक श्रृंखला प्रदान करते हैं। हमारी अनुभवी स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों की टीम आपके व्यक्तिगत आवश्यकताओं और लक्ष्यों को पूरा करने वाली एक व्यक्तिगत उपचार योजना विकसित करेगी। बैरिएट्रिक सर्जरी के अलावा, सही पोषण मोटापा और ऑस्टियोआर्थराइटिस दोनों को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण है। फल, सब्जियों, गुणवत्ता वाले प्रोटीन और पूरे अनाजों से भरपूर एक संतुलित आहार संयोजन को कम करने और संयोजन स्वास्थ्य का समर्थन करने में मदद कर सकता है। प्रोसेस्ड खाद्य, मीठे पेय और सेंधा वसा को सीमित किया जाना चाहिए, क्योंकि वे वजन बढ़ाने और सूजन में योगदान कर सकते हैं। एक योग्य डाइटीशियन एक व्यक्तिगत पोषण योजना प्रदान कर सकता है जो वजन घटाने और संयोजन स्वास्थ्य का समर्थन करती है कहती है न्यूट्रीशनिस्ट कनक अग्रवाल हम आपके समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने में आपकी मदद कैसे कर सकते हैं, इस बारे में अधिक जानने के लिए आज ही हमारे सर्जिकल सेंटर से संपर्क करें। आप अपने सवाल हमें info@scodclinic.com पर लिख सकते हैं; नियुक्तियों या पोषण संबंधी चिंताओं के लिए हमें +91-8130130489 पर कॉल करें; अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल पर जाएँ : डॉ. आरुष सभरवाल।

घरेलू उपायों से करें गंजापन दूर

बाल झड़ने की कई वजह होती हैं जैसे आपकी डाइट, स्ट्रेस आदि। मगर कुछ लोगों को इस परेशानी का बहुत अधिक सामना करना पड़ता है एवं आहिस्ता-आहिस्ता उनकी यह परेशानी गंजेपन में बदलने लगती है। गंजेपन की दिक्कत से छुटकारा पाने के लिए आवश्यक है कि आप कुछ ऐसी चीजों का उपयोग करें जिससे आपका हेयरफॉल कम हो एवं साथ ही बालों की ग्रोथ भी बढ़े। आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू उपाय बताने जा रहे हैं जिससे आप छुटकारा पा सकते हैं।

मसाज

स्कैल्प में मसाज करने से ब्लड का फ्लो बढ़ता है जिससे बालों की ग्रोथ बढ़ती है। ऐसे में आवश्यक है कि आप किसी अच्छे हेयर ऑयल की सहायता से बालों में हल्के हाथों से मसाज करें।

नारियल का तेल

नारियल का तेल स्कैल्प के माइक्रोबायोटा में सुधार करता है, जिससे बालों के रोम छिद्रों एवं स्कैल्प को मजबूती मिलती है। नारियल के तेल में अहम फैटी एसिड होते हैं जो बालों के शाफ्ट में प्रवेश करते हैं एवं हेयर फॉल को रोकते हैं। सप्ताह में कम से कम दो बार, अपने स्कैल्प पर नारियल के तेल की मालिश करें एवं इसे नहाने से पहले कुछ घंटों या रात भर के लिए लगा रहने दें।

आंवला

आंवला में आवश्यक फैटी एसिड मौजूद होते हैं जो बालों के रोम छिद्रों को मजबूत करने का काम करते हैं तथा इसमें उपस्थित विटामिन सी बालों को वक्त से पहले सफेद होने से बचाता है।

अरंडी का तेल

अरंडी का तेल बालों के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं होता। इसमें प्रोटीन, विटामिन ई एवं कई प्रकार के मिनरल्स पाए जाते हैं। अरंडी का तेल दुनिया का सबसे गाढ़ा तेल है इसलिए इसे सीधे बालों में नहीं लगाया जा सकता। अरंडी को तेल को हमेशा ऑलिव ऑयल या फिर नारियल के तेल के साथ मिश्रित करके लगाना चाहिए।

नींबू

नींबू बालों के लिए बहुत लाभदायी माना जाता है एवं इससे बाल भी तेजी से बढ़ते हैं। नींबू को सीधे बालों में नहीं लगाया जाता है ऐसे में इसे आप किसी तेल के साथ मिश्रित करके अपने बालों में लगा सकते हैं।

अंडे का मास्क

अंडे का मास्क आपके बालों के लिए बहुत लाभदायी माना जाता है। अंडे में 70 प्रतिशत के राटिन प्रोटीन होता है जो डैमेज एवं ड्राई बालों को सॉफ्ट बनाने का काम करता है। 2 अंडे में 2 बड़े चम्मच दही मिलाकर मिश्रित करें एवं बाल धोने से 30 मिनट पहले ये मास्क बालों पर अप्लाई करें।

सुख समृद्धि और सद्बुद्धि के लिए हरदासपुर के परासर गिरी ब्रह्म स्थान पर महाज्ञान यज्ञ शुरू निकली भव्य कलश यात्रा

(यज्ञ स्थल से -गौरीशंकर पाण्डेय की रिपोर्ट)

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। क्षेत्र के हरदासपुर कला के परासर गिरी ब्रह्म बाबा धाम पर नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महाज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ।कलश पूजन,अश्व पूजन तथा बाल कन्याओं का पद प्रक्षालन कर विशाल जनसमूह के साथ कलश यात्रा गतिमान हुई। जिसमें क्षेत्र के युवक युवतियों के विशाल जनसमूह ने हाथों में कलश लिए पथ संचलन किया।कलश यात्रा में बैंड बाजा और घोड़े संग भारी संख्या में लोग शामिल हुए। यात्रा बढ़ती गई लोग जुड़ते गए और कलश यात्रा का कारवां भी बढ़ता गया।कलश यात्रा हरदासपुर कला चौबेपुर रामपुर पतारी नायक डिह जोराटी ढोहरा होते हुए अपने मूल यज्ञ स्थल पर आकर रुकी जिसका समापन जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सपना सिंह ने किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि परासर गिरी ब्रह्म बाबा धाम पर धाम के विकास के निमित्त संबंधित समिति जो भी प्रस्ताव पास कर हमे देगी हमारे तरफ से पूरा सहयोग मिलेगा। कलशयात्रा को वृजनंदन सिंह (प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा) ने गतिमान किया। यात्रा का नेतृत्व मौनियां बाबा ने किया। इस मौके पर मंदिर महंत भृगुनाथ दास यज्ञ समिति के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह संजय चौबे राणा प्रताप चौबे ध्रुव नारायण सिंह गुड्डू जायसवाल विनोद कुमार यादव बाला प्रधान रिंकू सिंह उपेन्द्र सिंह डा०राजेश चौबे बी०एन०सिंह मंगला चौबे मुकेश चौबे आदि उपस्थित थे। कलश यात्रा के कुशल सम्पादन में स्थानीय थानाध्यक्ष प्रवीण यादव संग पुलिस विभाग का सहयोग सराहनीय रहा। विश्व विख्यात सनातनी संस्कार नगरी वाराणसी से पधारे भागवत कथा व्यास आचार्य पंडित आशुतोष महाराज ने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समस्त सृष्टि के लिए कल्याणकारक है। इस यज्ञ में शामिल होने मात्र से ही व्यक्ति के सौ जन्मों का फल प्राप्त होता है। लक्ष्मी नारायण महाज्ञान यज्ञ सार्वजनिक हित, विश्व शांति और कल्याण का परिचायक है। यज्ञ और कथा आयोजन का मुख्य उद्देश्य सर्वे भवन्तु सुखिन सर्वे संतु निरामया सर्वे भद्राणि पश्यनतु मा कश्चिदुख भागभवेत है।जिसका लाभ क्षेत्र परिक्षेत्र के प्रत्येक जन और प्रत्येक कण को प्राप्त होता है। जीवन उसी का सफल होता है जो भगवद्भक्ति में अनुरक्ति रखता है। जीवन में केवल ज्ञान प्राप्त कर लेना ही काफी नहीं है, बल्कि इसके साथ भक्ति भी जरूरी है।

कर्दमेश्वर महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य शुरू

प्रखर वाराणसी। सनातन धर्म की रक्षा में सक्रिय भारत माता मिशन लगातार अपने लक्ष्य की ओर बढ़ता जा रहा है। काशी में मंदिरों के जीर्णोद्धार और उनके सौंदर्यीकरण का लक्ष्य लेकर काम कर रहे भारत माता मिशन ने शुक्रवार को इस कड़ी में कंदवा स्थित कर्दमेश्वर महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार का काम शुरू कराया है। उच्च शिक्षा आयोग के अध्यक्ष और काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने इस पुनीत कार्य का शुभारंभ करते हुए मिशन के कार्य की प्रशंसा की। भारत माता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मिशन काफी वक्त से इस दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि भारत माता मंदिर, हरिद्वार के पीठाधीश्वर स्वामी विवेक चैतन्य जी और मिशन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष रमन त्रिपाठी के प्रयास से कर्दमेश्वर महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए पुरातत्व विभाग से अनुमति प्राप्त किया गया। इसके बाद शुक्रवार को मंदिर के जीर्णोद्धार का काम शुरू करा दिया गया। अजीत मिश्रा ने बताया कि इसके पूर्व मिशन ने काशी में दुर्गा मंदिर,संस्कृत विश्वविद्यालय स्थित सरस्वती मंदिर का जीर्णोद्धार करा चुका है। इसके अलावा भविष्य में अन्य मंदिरों और पौराणिक स्थलों का भी जीर्णोद्धार मिशन कराने वाला है। आज के समारोह में पूर्व महापौर रामगोपाल मोहले, काशी विद्वत परिषद के महामंत्री रामनारायण द्विवेदी,भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरव मिश्रा, वाचस्पति त्रिपाठी,चितईपुर के पूर्व प्रधान संजय,मुन्नूलाल गिरी समेत अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

लड़कियों के बीच जमकर हुई मारपीट, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

प्रखर गोरखपुर। कैंट थाना क्षेत्र के जीडीए टावर में दो लड़कियां आपस में एक दूसरे का बाल नोचने लगी जीडीए टावर की दुकानदारों ने बताया कि दोनों लड़कियां मोमो की दुकान पर पहुंचकर मोमो खाने का आर्डर देती हैं किन्ही बातों को लेकर आपस में भिड़ जाति हैं कड़ी मशक्कत के बाद एक दूसरे से अलग किया जाता है पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई ने बताया कि जीडीए टावर में लड़कियों को लड़ते हुए वीडियो वायरल हो रहा है जांच के आदेश दे दिया गया है तहरीर मिलने पर वैधानिक कारवाही किया जायेगा दोनो लडकियो को महिला थाने पर कौंसलिग के लिए बुलाया गया है। गोलघर स्थित जीडीए टावर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां दो लड़कियों के गुटों में जमकर मारपीट हो गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दोनों गुट के बीच करीब 20 मिनट तक लात-घूंसे और खूब जमकर गाली गलौच हुई है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।बताया जा रहा है, वायरल वीडियो शहर के गोलघर में स्थिति जीडीए टॉवर का है। गुरुवार शाम को अचानक लड़कियों के दो गुटों में मारपीट शुरू हो गई। यह देखकर लोगों में हड़कंप मच गया।लड़कियां एक दूसरे का बाल खींचकर मारपीट कर रही थीं। दोनों पक्षों में करीब 20 मिनट तक लड़ाई हुई। इस दौरान पुलिस भी थी लेकिन वो बस मूकदर्शक बनी रही। उनके बीच मारपीट क्यों हुई, यह पता नहीं चल पाया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने वीडियो की जांच का आदेश दिए हैं। महिला थाने पर बुला कर कौंसलिग किया जायेगा तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर बेधानिक कार्यवाही किया जायेगा।

मंडली साकभाजी फल एवं पुष्प प्रदर्शनी 2023 का आयोजन

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। मंडली साकभाजी फल एवं पुष्प प्रदर्शनी 2023 का आयोजन दिनांक 25 एवं 26 फरवरी 2023 को राज्य की अलंकृत उड़ान कंपनी बाग कचहरी वाराणसी के प्रांगण में किया जा रहा है इस वर्ष मंडली प्रदर्शनी का मुख्य केंद्र बिंदु जी-20 की आहूत होने वाली बैठक की थीम पर आधारित है जिसमें मंडल के जनपद वाराणसी गाजीपुर जौनपुर चंदौली के कृषकों को फल साकभाजी पुष्प के ब्रदर्स तथा सरकारी एवं निजी संस्थाओं के स्टाल के माध्यम से मशरूम उत्पादन मधुमक्खी पालन नेट हाउस पाली हाउस में संरक्षित खेती बागवानी में मशीनीकरण आधुनिक सिंचाई संयंत्र शहीद कृषि उधानिकी क्षेत्र के नवीन वैज्ञानिक विधियों की जानकारी दी जाएगी फल शाकभाजी एवं पुष्प उत्पादन आर्थिक दृष्टिकोण से छोटे बड़े सभी कृषक ओं के लिए लाभप्रद है तथा इस में प्रदर्शित उत्कृष्ट उत्पादन तकनीक को अपनाकर कृषकों की आय दोगुनी करने हेतु सार्थक प्रयास होगा प्रदर्शनी में निजी क्षेत्र राज्य की क्षेत्र के सैकड़ों प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग कर अपने फल पुष्प शाक भाजी के प्रदर्शन सजावटी गमले शादी मंडप रंगोली पुष्प सज्जा एवं प्र संस्कृत उत्पादों आदि के साथ प्रतिभाग किया जाएगा तथा उनकी गुणवत्ता के आधार पर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा प्रदर्शनी कुल 14 वर्गों में आयोजित की जाएगी जिसमें प्रमुखता साकभाजी फल पुष्प गुलाब कटे मौसमी फूल डहेलिया सदाबहार पत्ती वाले पौधे एवं शादी के मंडप मुख्य आकर्षण होंगे प्रदर्शनी का उद्घाटन दिनांक 25 नो 2023 को दोपहर 12:00 बजे दिनेश प्रताप सिंह राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उधान द्वारा रविंद्र जयसवाल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टांप न्यायालय शुल्क एवं पंजीकरण की गरिमामई उपस्थिति में किया जाएगा प्रदर्शनी दिनांक 25 दो 2023 को अपराना बा 12:30 बजे से सायं 7:00 बजे तक तथा 26 फरवरी को प्रातः 9:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक जनमानस के लिए अवलोकनार्थ खुली रहेगी इस अवसर पर प्रदर्शनी दिवसों में सायं काल 6:00 से 8:00 तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे प्रदर्शनी के विजेता प्रतिभागियों को चल वैजयंती कब एवं पारितोषिक का वितरण कौशल राज शर्मा आयुक्त महोदय वाराणसी मंडल वाराणसी के द्वारा अपराहन 1:00 बजे से किया जाएगा।

उदय बजाज ने शहर में पर्यावरण संरक्षण व पेट्रोल के विकल्प में इलेक्ट्रिक व्हेकिल चेतक सुलभ कराने का प्रशंसनीय कार्य किया

प्रखर वाराणसी। शिवदासपुर मंडुआडीह रोड पर उदय बजाज के चेतक केटीएम शोरूम में आज सायं बजाज बहुप्रतीक्षित इलेक्ट्रिक व्हेकील चेतक का अनावरण देश के प्रमुख उद्यमी आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वाराणसी विकास समिति के अध्यक्ष आरके चौधरी ने किया। इस अवसर पर चौधरी ने बजाज द्वारा पर्यावरण संरक्षण व पेट्रोल का विकल्प देने के लिए चेतक बाजार में उपलब्ध कराए जाने की भूरी भूरी प्रशंसा की है और कहा है इसके लिए सरकार ने ग्राहकों को प्रोत्साहित करने हेतु रुपया 43500 की छूट का प्रावधान किया है जिसका लाभ ग्राहकों को तुरंत उठा लेना चाहिए इस अवसर पर आर के चौधरी श्याम जी चौबे योगेश विश्वकर्मा आशीष चौरसिया ऋषि शेखर को चेतक की चाभी हैंडओवर किया। इस मौके पर बजाज ऑटो लिमिटेड के एरिया मैनेजर सेल्स रोहित जैन ने बताया कि छूट सीमित समय के लिए है कंपनी ने ग्राहकों की सहूलियत के लिए एक्सचेंज ऑफर फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध करा दिया है मात्र रुपया 15000 डाउन पेमेंट कर चेतक स्कूटर को प्राप्त किया जा सकता है चेतक प्रीमियम मैटेलिक बॉडी में है यह चार रंगों प्रोक्लीन ब्लैक हेजलनट वैल्यूटू रोजो एवं इंडिगो मैटेलिक में उपलब्ध है इसमें स्टोरेज कैपेसिटी ग्लोव कंपार्टमेंट 4 लीटर एवं सीट के नीचे 18 लीटर है इसकी बैटरी पर 3 वर्ष की वारंटी है जिसके एक बार चार्ज करने पर 90 किलोमीटर तक का सफर कर सकते हैं इस पर बिजली खर्च 20 पैसे मात्र प्रति किलोमीटर होगा। चेतक ई वी 4 रिवर्स भी चलाने की सुविधा है किसी भी इलेक्ट्रॉनिक में चेतक सुपीरियर है ड्राइविंग में कंफर्ट है हमारे यहां इसके लिए अत्याधुनिक वर्कशॉप भी है कोई भी ग्राहक कार्य अवधि में टेस्ट राइट के लिए विजिट कर सकता है। प्रारंभ में उदय बजाज चेतक शोरूम के निदेशक यू आर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया और उन्होंने बताया कि चेतक पहले आओ पहले पाओ की व्यवस्था के तहत दिया जा रहा है कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार सुहेलदेव नगर के पर्यावरण प्रमुख राजेंद्र कुमार दुबे तथा आभार प्रकाश शोरूम के प्रबंधक विवेक कुमार ने किया।

खेतासराय निकाय चुनाव : सियासत में आते ही दोस्त बन गया दुश्मन

निकाय चुनाव की सरगर्मियां धीरे-धीरे फिर से होने लगी है तेज



प्रखर खेतासराय (जौनपुर) राजनीति का चस्का ही ऐसा है जो अच्छे अच्छों को दोस्त से दुश्मन बना देते हैं। खेतासराय और शाहगंज के राजनीति के इतिहास में ऐसे कई नेताओं की कहानियां भरी पड़ी हैं। जो कभी गहरे मित्र, मार्गदर्शक और अनुयायी भी थे, लेकिन आज राजनीति ने उनके रिश्ते में लंबी दरार खीच दी है। चुनावी जंग में वे एक-दूसरे का चेहरा भी नहीं देखना चाहते। दोस्त से दुश्मन बने नेताओं की सियासी कहानियों की चर्चा इन दिनों निकाय चुनाव में तेज हो गयीं हैं। निकाय चुनाव की सरगर्मियां धीरे-धीरे फिर से तेज होने लगीं हैं। सूत्रों की मानें तो मई-जून तक चुनाव होंने की संभावना है। और अभी से चुनाव के मैदान में उतरने वाले नेता अपनी समीकरण बनाने में जुटे हुए हैं । खेतासराय और शाहगंज सीट पर दावेदारी करनें वाले सभी नेता लखनऊ से लेकर दिल्ली तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में पीछे नहीं है । खेतासराय व शाहगंज सीट पर बीजेपी से टिकट की दावेदारी करनें वालों कि लिस्ट काफी लंबी है । वही सपा में भी कई दावेदारों का नाम चर्चा में हैं । और बसपा व कांग्रेस से टिकट के लिए लोग भागदौड़ कर रहें हैं । लेकिन हम बात करें निकाय चुनाव में खेतासराय और शाहगंज सीट से टिकट की दावेदारी कर रहें हैं कुछ ऐसे नेता है जो कल तक एक दुसरे के बेहद करीबी थे । और एक आवाज पर एक दुसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलतें थे। लेकिन आज चेयरमैन बनने की चाह में वो एक दुसरे का नाम तक सुनना पसंद नहीं करते। हांलाकि अभी आरक्षण की लिस्ट भी आना बाकी है और खेतासराय, शाहगंज की सीट क्या होतीं हैं ? और कौन किस पार्टी से चुनाव लड़ता है यह तो आने वाला समय ही बताएगा । सभी राष्ट्रीय पाटीर्या किसे टिकट देकर मैदान में भेजती यह कुछ कहा नही जा सकता । हां इतना जरूर कहा जा सकता है सियासत में कोई किसी का सगा नहीं होता है।

पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशन में साइबर अपराध को लेकर किया गया कार्यशाला का आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी जोन सत्यनारायण के निर्देशन में पेटीएम के नोडल अधिकारियों द्वारा पेटीएम वॉलेट, बैंक आदि से हो रहे फ्राड के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें साइबर क्राइम पुलिस थाना वाराणसी जोन वाराणसी, साइबर सेल कमिश्नरेट वाराणसी, साइबर सेल जनपद गाजीपुर, साइबर सेल जनपद चंदौली, साइबर सेल जनपद जौनपुर के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। पेटीएम के अधिकारियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से बताया गया कि पेटीएम वॉलेट, पेटीएम पेमेंट बैंक कैसे काम करता है। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि अगर किसी पेटीएम वॉलेट धारक के साथ फ्राड हो जाता है तो पेटीएम के साथ कैसे समन्वय स्थापित करेंगे। और क्या-क्या सूचना प्राप्त करेंगे पेटीएम के अधिकारियों द्वारा यह भी बताया गया यदि किसी ग्राहक का फ्रॉड पैसा मर्चेंट के माध्यम से हुआ है और इसकी शिकायत जल्द किया जाए तो पैसा वापस आने की अधिक से अधिक संभावना हो जाता है। साथ ही यह बताया गया कि पेटीएम पेमेंट बैंक प्रत्येक व्यक्ति की केवाईसी करता है और केवाईसी के लिए किसी भी ग्राहक को फोन नहीं किया जाता है। कार्यशाला में नितिन चौहान, जगमोहन अग्रवाल, बृजेश गुप्ता, हरिओम शर्मा, मोहन सिंह हरप्रीत सिंह, इमरान अंसारी के अलावा विजय नारायण मिश्र प्रभारी साइबरक्राइम थाना वाराणसी, शरद गुप्ता प्रभारी साइबर सेल जनपद चंदौली, शांतनु सिंह प्रभारी साइबर सेल कमिश्नरेट वाराणसी, सतीश कुमार सिंह साइबरक्राइम थाना वाराणसी, भावेश कुमार सिंह साइबरक्राइम थाना वाराणसी, अशोक शर्मा, पवन यादव साइबर सेल जनपद चंदौली आशीष कुमार मिश्रा, राजकुमार, मुकेश कुमार साइबर सेल जनपद गाजीपुर, ओम प्रकाश जायसवाल व संग्राम सिंह यादव साइबर सेल जनपद जौनपुर सहित अन्य पुलिसकर्मी और पुलिस अधिकारी शामिल रहे।

धानापुर थाने पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया

प्रखर चंदौली। जिले के धानापुर थाना समाधान दिवस में कुल 10 प्रार्थना पत्र पढ़े जिसमें दो प्रार्थना पत्र का निस्तारण मौके पर करा दिया गया बाकी आठ प्रार्थना पत्र का निस्तारण जल्द से जल्द कराने का आश्वासन दिया गया जिसमें सारे प्रार्थना पत्र राज्य से संबंधित है जिसमें एडिशनल एसपी द्वारा हिदायत दिया गया थी सारे प्रार्थना पत्र का जल्द से जल्द निस्तारण करा दिया जाए काकी दूर से आने वाले व्यक्तियों को बार-बार थाना समाधान दिवस में आना ना पड़े जिसमें ज्यादातर पत्र जमीन संबंधित ही पड़े हैं और राजस्व विभाग को भी आदेश दिया कि मौका मुआयना करके सारे प्रार्थना पत्र का जल्द से जल्द निस्तारण करा दिया जाए इसमें मौके पर मौजूद सकलडीहा सीईओ उप जिला अधिकारी मनोज पाठक नायब तहसीलदार अमित सिंह और धानापुर एसएचओ विजय बहादुर सिंह राजस्व विभाग के लेखपाल कानूनगो आदि लोग मौजूद रहे इसी क्रम में जिले के सकलडीहा कोतवाली में भी थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया तहसीलदार विकास दर और सकलडीहा एसएचओ अनिल कुमार पांडे की मौजूदगी में किया गया वहां पर भी प्रार्थना पत्र पढ़े और तहसीलदार द्वारा हिदायत दी गई कि जल्द से जल्द प्रार्थना पत्र का निस्तारण करा दिया जाए और आने वाले त्यौहार को ही देखते हुए हिदायत दी गई कि त्यौहार में कोई भी व्यक्ति अभद्रता फैलाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी अगर किसी व्यक्ति को लगता है कि यह व्यक्ति अभद्रता फैला रहा है तो उसके खिलाफ तुरंत प्रशासन को सूचना दें उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

मनोज आई. ए. एस. कोचिंग के अध्यापक एवं संचालक मनोज हुए नेशनल गौरव अवार्ड से सम्मानित



प्रखर दिल्ली। विज्ञान भवन नई दिल्ली में नेशनल ब्रेव हर्ट संस्था द्वारा आयोजित नैशनल गौरव अवार्ड से मनोज आई. ए. एस. कोचिगं के अध्यापक एवं संचालक मनोज सिंह को सम्मानित किया गया, विदित हो कि नौ वर्षों से लगातार समाज मे अलग अलग क्षेत्रों उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया जाने वाला यह सम्मान देश के उन दिग्गजों को प्रदान किया जाता है जो तन मन से जनता की सेवा समर्पित भाव से करते हैं. मनोज आई. ए. ऐस कोचिगं दायरे से बाहर निकलकर छात्रों की मदद करता है चाहे वह आर्थिक मदद हो या फिर शिक्षा से हो. उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर निवासी मनोज सिंह पिछले एक दशक से शिक्षा के क्षेत्र मे क्रांतिकारी प्रयास करके शिक्षा से वंचित वर्गों को शिक्षित करने का बिडा उठा रखे हैं. अब देश के विभिन्न शहरों मे मनोज आई. ए. एस कोचिंग की बारह शाखाएं देश के बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रही हैं.

विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन

प्रखर मिजार्मुराद। थाना क्षेत्र के ग्राम सभा डोमैला के प्राथमिक विद्यालय मे सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों एवं अभिभावक को सम्मानित कर छात्रों को पुरस्कार वितरण किया गया इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेश चंद्र यादव, विनय कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह, सुरेंद्र कुमार सिंह, संजू सोनकर, ज्योति भारद्वाज, सरिता देवी, दिलीप कुमार शुक्ला , मीडिया कर्मी बीएल शुक्ला इत्यादि सहित अभिभावक छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

मिजार्पुर के किसान नेताओं ने राकेश टिकैत का किया स्वागत

प्रखर मिजार्पुर। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत का जनपद के किसान नेताओं ने वाराणसी के डाफी टोल प्लाजा पर बिहार दौरे पर जाते समय अपने नेता का किया भव्य स्वागत जनपद मीरजापुर किसानों ने गर्मजोशी से स्वागत के बाद जनपद की समस्याओं से भी चौधरी राकेश टिकैत को अवगत कराया। बाद उसके जनपद के नेता उनके काफिले में सम्मिलित होकर बिहार के कैमूर में प्रस्तावित जनसभा के लिए प्रस्थान कर गए। उपस्थित रहने वालों में के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह, मध्यांचल के अध्यक्ष शालिग्राम यादव, प्रदेश महासचिव प्रह्लाद सिंह किसान, प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी जिला महासचिव वीरेंद्र सिंह युवा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, युवा जिला महासचिव विश्वनाथ सिंह, जिला कोषाध्यक्ष स्वामीदयाल सिंह, जिला सचिव राम श्रृंगार सिंह , पंचम सिंह, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह किसान सेनानायक परशुराम मौर्य, जिला कार्यकारिणी सदस्य राम सूरत सिंह ब्लॉक अध्यक्ष नारायण पुर रामवृक्ष सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष जमालपुर रतन चौरसिया, आलोक चौरसिया प्रधान , मो अलाउद्दीन, लल्लन सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नवागंतुक कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक द्वारा मां विन्ध्यवासिनी के दर्शनोपरान्त ग्रहण किया गया जनपद का कार्यभार

प्रखर मिजार्पुर। नवागंतुक कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस द्वारा जनपद में आगमन पर सर्वप्रथम मां विंध्यवासिनी का दर्शन किया गया, तदोपरान्त जिले के कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक के रूप में जनपद का कार्यभार ग्रहण किया गया। ज्ञातव्य हो कि डॉ राजीव नारायण मिश्र द्वारा अतिरिक्त दायित्व के रूप में एसएसपी माघ मेला प्रयागराज के रूप में लगातार 03 बार, वर्ष 2021, 22 एवं 23 में सेवा देते हुए माघ मेले को सकुशल एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराया गया। इसके अतिरिक्त डॉक्टर मिश्र एसपी कुशीनगर, एसएसपी एस.टी.एफ. एवं ए.टी.एस. सहित अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों में भी सेवा दे चुके हैं तथा विभिन्न पुरस्कारों के साथ महामहिम राष्ट्रपति भारत द्वारा प्रदत्त पदकों से भी पुरस्कृत हो चुके हैं।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं